राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

धनबाद 13 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 126

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबरें

### जज के हत्यारों की बेल पर अंतिम सुनवाई आज

**रांची:** धनबाद के दिवंगत जज उत्तम आनंद हत्याकांड के दोषियों लखन वर्मा और राहुल वर्मा की क्रिमिनल अपील पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को अंतिम सुनवाई होगी. सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप श्रीवास्तव की डबल बेंच में दोनों दोषियों की याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई.

### नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार, सजा आज

**धनबाद :** नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में सोमवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने अपना फैसला सुनाया। अदालत ने मामले के नामजद आरोपी सुदामडीह थाना क्षेत्र के मोहलबनी नगीना बाजार निवासी मोनू बागती को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तारीख निर्धारित की है.

### प्राथमिक विद्यालय से सोलर प्लेट की चोरी

**गोमो।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र के चैता ग्राम पंचायत अंतर्गत खेड़ाबेड़ा गांव में रविवार की रात चोरों ने दो स्कूलों में जलमीनार में लगे सोलर प्लेट की चोरी की. चोरों ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सोलर प्लेट खोलने की कोशिश की, नाकाम रहने पर इसे क्षतिग्रस्त कर दिया. नया प्राथमिक विद्यालय हेठ कुल्ही में लगे जलमीनार के सोलर प्लेट चोर चुरा ले गए.

### डीएसई को सहपाठियों ने दी बधाई

**धनबाद ।** धनबाद के जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार को बधाई देने और उपचारिक मुलाकात करने उनके सहपाठी रविकांत मंडल, राजु कुमार साव, इरशाद अंसारी पहुंचें. आयुष कुमार को हाल ही में जिला शिक्षा पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है और उनके सहपाठी उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देने और उपचारिक मुलाकात करने पहुंचे. इस अवसर पर राजू कुमार ने कहा कि आयुष कुमार की नियुक्ति से हम सभी को गर्व है. वह हमारे सहपाठी हैं और हमने साथ में पढ़ाई की है.

### दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष कैद की सजा

**धनबाद :** नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में सोमवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने अपना फैसला सुनाया. अदालत ने मामले के नामजद आरोपी महुदा निवासी कार्तिक राजपूत को बीस वर्ष कैद एवं पंद्रह हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. दस अगस्त को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तारीख निर्धारित की थी. आरोपी इस मामले में फरार चल रहा है. उसकी अनुपस्थिति में अदालत ने अपना फैसला सुनाया है. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर 2 अगस्त 2021को महुदा थाने में दर्ज की गई थी.

## हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रॉड से हमला कर हत्या

# अस्पताल में हवलदार की हत्या कर उम्रकैद का सजायाफ्ता कैदी फरार

**खास बातें**

- कैदी शाहिद अंसारी ने हवलदार चौहान हेंब्रम की हत्या कर दी
- वारदात सीसीटीवी में कैद, सिर्फ एक गार्ड के भरोसे था खूंखार

संवाददाता। हजारीबाग

शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल में सोमवार की सुबह कैदी ने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी की हत्या कर दी. जानकारी के मुताबिक, रेप व हत्या के दोष में उम्रकैद के सजायाफ्ता कैदी मो शाहिद अंसारी का अस्पताल में इलाज चल रहा था. उसने सुरक्षा में तैनात हवलदार चौहान हेंब्रम के ऊपर लोहे के रॉड से हमला कर उनकी जान ले ली. वारदात को अंजाम देने के बाद शाहिद अस्पताल से फरार हो गया.

इस घटना की सूचना मिलने के बाद पूरे पुलिस-प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया. डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष समेत कई पुलिस अधिकारी एसबीएमसीएच पहुंचे. पूरे मामले की तहकीकात की जा रही है. लगभग दो घंटे तक एसपी मेडिकल कॉलेज परिसर में उपस्थित रहे. हालांकि, घटना को लेकर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी किसी तरह का बयान देने से बचते रहे. बता दें कि उम्र कैद की सजा काट रहे शाहिद अंसारी को धनबाद सेंट्रल जेल से हजारीबाग सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था.

### सीसीटीवी में अस्पताल से निकलते दिख रहा है कैदी

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एसपी अरविंद कुमार सिंह ने सीसीटीवी कैमरे में कैद फुटेज को खंगाला. सीसीटीवी के फुटेज में स्पष्ट देखा गया है कि कैदी शाहिद अंसारी घटना को अंजाम देकर दिन के 10:40 बजे अस्पताल परिसर से बाहर निकल रहा है. उस दौरान कोई भी सुरक्षाकर्मी बाहर नहीं था. इस मामले की जांच में फॉरेंसिक टीम की भी मदद ली जा रही है. फरार हत्यारोपी कैदी की गिरफ्तारी के लिए इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है.


चौहान हेंब्रम


शाहिद अंसारी



अस्पताल में भीड़

### चासनाला में छापामारी

हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कैदी वार्ड में तैनात हवलदार की हत्या कर भागने वाला शाहिद अंसारी धनबाद के साउथ चासनाला का रहने वाला है. हत्या के बाद फरार शाहिद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी की लेकिन वह नहीं मिला. 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के बाद घर लौट रही एक नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने और साक्ष्य मिटाने की नीयत से हत्या का प्रयास करने में मामले में उसे सजा हो चुकी है. जबकि उसके खिलाफ घर में घुसकर जेवरात छीनने और वृद्धा की हत्या करने का भी मुकदमा चल रहा है.

**पहली वारदात :** 15 अगस्त 2017 को पाथरडीह के एक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह से घर लौट रही छात्रा को सुदामडीह के जंगल में ले जाकर शाहिद अंसारी ने दो नाबालिग लड़कों के साथ गैंगरेप किया था. साक्ष्य मिटाने के लिए छात्रा की हत्या करने की भी कोशिश की थी. इस कांड में पीड़िता की दादी की शिकायत पर सुदामडीह थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी. चूंकि यह वारदात 15 अगस्त के दिन घटी थी, इस कारण काफी चर्चे में रही थी. स्थानीय लोग इस घटना के खिलाफ काफी आक्रोशित भी थे. 15 जनवरी 2019 को इस मामले में शाहिद को 20 साल और उसके दोनों नाबालिग साथियों को 10 -10 साल कैद की सजा हुई थी.

**दूसरी वारदात :** इससे पूर्व ही शाहिद ने पड़ोस में रहने वाले के साथी के साथ मिलकर तीन दिसंबर 2018 की शाम में चासनाला साउथ कॉलोनी के आवास में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी थी. चोरी के नियत से वह घर में घुसा था. पड़ोसी होने के कारण उसकी पहचान हो गई थी .इसके बाद उसने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी थी.

### मेडिकल कॉलेज में चल रहा था इलाज

पुलिसकर्मी की हत्या कर फरार होने वाला सजायाफ्ता कैदी था. एसबीएमसीएच में पिछले 14 दिनों से उसका इलाज चल रहा था. जानकारी के अनुसार, शाहिद के शरीर के दाहिना हिस्से में झुनझुनी की शिकायत थी. उसने एम्स में इलाज करने के लिए न्यायालय में आवेदन दिया था. लेकिन, उसका आवेदन अस्वीकार करते हुए उसे इलाज के लिए हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया था. वहीं, अस्पताल में कैदी की निगरानी और सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिला बल के हवलदार चौहान हेंब्रम तैनात थे.

### रात में एक पुलिसकर्मी के भरोसे रहता है कैदी वार्ड

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल से इलाजरत कैदी के फरार होने का यह कोई पहला मामला नहीं है. पहले भी यहां से कई कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो चुके हैं. वर्तमान में मेडिकल कॉलेज में होमगार्ड के 30 जवान तैनात हैं. इसके अलावा निजी सुरक्षा गार्ड की भी तैनाती है. हालांकि, रात के समय महज एक पुलिसकर्मी की बदौलत कैदी वार्ड रहता है. वहीं कैदी वार्ड के बाहर भी सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं. एक मुख्य दरवाजा है, जिससे डॉक्टर, मरीज सभी का आना-जाना होता है. इसलिए, घटना को अंजाम देने के बाद सजायाफ्ता कैदी शाहिद अंसारी आसानी से फरार हो गया. ऐसे में अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा हो रहे हैं.

### हत्या में उम्रकैद की सजा काट रहा था शाहिद

फरार सजयाफ्ता कैदी शाहिद अंसारी के ऊपर धनबाद में दो मामला दर्ज था. सुदामडीह थाना दर्ज कांड संख्या 40/17 के तहत धारा 341, 323, 354, 356 डी, 306, दुष्कर्म समेत पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज था. वहीं पाथरडीह थाना में कांड संख्या 40/ 18 के तहत धारा 302 ,201, 382 के तहत मामला दर्ज था. कोर्ट ने उसे उम्र कैद की सजा सुनाई थी. कैदी शाहिद अंसारी मूल रूप से धनबाद का रहने वाला है. उसका ताल्लुक प्रिंस खान गिरोह से बताया जा रहा है.

## गिरिडीह में बैंक मित्र से लूट के बाद अपराधियों ने गोली मारी

संवाददाता। गिरिडीह

जिले के सरिया थाना क्षेत्र के औरवाटांड में लूटपाट के दौरान सोमवार की दोपहर बैंक मित्र को अपराधियों ने गोली मार दी. बैंक मित्र विश्वनाथ यादव को बाएं हाथ में गोली लगी है. उसे सरिया के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया. चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची के रिम्स रेफर कर दिया. जानकारी के मुताबिक, विश्वनाथ यादव बैंक ऑफ इंडिया का बैंक मित्र है और केशवारी में उसका ग्राहक सेवा केंद्र है. वह बैंक से रुपये की निकासी कर अपने सेंटर पर लौट रहा था. इसी क्रम में बाइक सवार दो अपराधियों ने लूटपाट के दौरान उसे गोली मार दी. अपराधियों ने उसके पास से 2.89 लाख रुपये लूट लिए. घटना की सूचना पर एसडीपीओ धनंजय कुमार राम मौके पर पहुंचे. उन्होंने बताया कि अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. इधर, बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह भी नर्सिंग होम पहुंचे. उन्होंने घायल का हाल जाना. विधायक ने एसपी दीपक शर्मा से फोन पर बात कर अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने को कहा है.

## सुदामडीह थानेदार के साथ बदसलूकी, चालक को पीटा

- दो युवकों को भेजा गया जेल, 20-30 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी

संवाददाता। धनबाद

बीसीसीएल की बंद सुदामडीह शाफ्ट माइंस काली मंदिर समीप नशे में धुत 20 - 30 युवकों ने रविवार को सुदामडीह थाना प्रभारी सूरज कुमार रजक एवं चालक शंभु यादव के साथ दुर्व्यवहार व धक्का-मुक्की कर दी है. बाद में थाना प्रभारी ने दो आरोपी युवकों को दौड़ाकर पकड़ा. थाना प्रभारी ने इस मामले को लेकर नामजद 3 अभियुक्तों सहित 20- 30 अज्ञात के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट एवं दुर्व्यवहार करने का मामला दर्ज कर लिया है.सुदामडीह रिवर साइड निवासी 22 वर्षीय राहुल कुमार सिंह व 21 वर्षीय विकास कुमार पांडेय को सोमवार को चासनाला सीएचसी में स्वास्थ्य जांच के बाद धनबाद जेल भेज दिया गया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि सुदामडीह रिवर साइड में अवैध शराब की गुप्त सूचना पर सुदामडीह थाना प्रभारी सूरज कुमार रजक, चालक शंभु यादव छापामारी करने जा रहे थे. तभी बंद बीसीसीएल की शाफ्ट माइंस खदान के काली मंदिर समीप व 20- 30 युवक खड़े थे, जो शराब का सेवन कर रहे थे.इन्हें देख थाना प्रभारी ने अपनी बोलेरो गाड़ी रोकी और सभी को यहां से जाने को कहा. इस पर युवकों ने भद्दी भद्दी बातें शुरू कर दी और दुर्व्यवहार किया.

## नवाटांड का मजदूर आंध्रपदेश से लापता

संवाददाता। धनबाद

धनबाद जिले अंतर्गत बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मरिचो पंचायत नवाटांड़ आदिवासी टोला निवासी प्रवासी मजदूर सुरेश मुर्मू उम्र लगभग 35 वर्ष आंध्रप्रदेश विशाखापत्तनम से लापता हो गया. खबर मिलते ही पीड़ित परिजनों ने बरवाअड्डा थाना में आवेदन देकर उसकी सकुशल घर वापसी की गुहार लगाई है. परिजनों का कहना है कि विगत दो महीने पूर्व ठीकेदार के माध्यम से मजदूरी करवाने के लिए आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम शहर में लेकर गया था. पांच अगस्त को उनका साथी गणेश मरांडी जो मनियाडीह टुंडी निवासी हैं, के साथ झारखंड वापसी के दौरान विशाखापत्तनम के अनकापल्ली स्टेशन से ही लापता हो गया है. सुरेश मुर्मू के परिजन बहुत ही गरीब परिवार से हैं. उनके चार छोटे छोटे बच्चे हैं. जेबीकेएसएस धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो ने बरवाअड्डा थाना प्रभारी, धनबाद पुलिस उपाधीक्षक, ग्रामीण एसपी, धनबाद जिला प्रशासन और आंध्रप्रदेश प्रशासन से सुरेश की अविलंब घर वापसी के लिए मांग की है.

## अनाथ नेत्र हीन गुलासा परवीन का डालसा ने थामा हाथ



संवाददाता। धनबाद

झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर सचिव डालसा राकेश रोशन द्वारा टीम गठित कर जिले में 18 साल तक के दिव्यांग बच्चों के लिए 45 दिवसीय विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इसके तहत झरिया क्षेत्र के पीएलबी द्वारा जन्म से शत प्रतिशत नेत्रहीन गुलाशा प्रवीण को चिन्हित कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सचिव को सूचित किया. इसके बाद सचिव द्वारा तत्काल कार्रवाई कर दिव्यांग का आधार कार्ड बनवाकर दिव्यांग प्रमाण निर्गत करवाया. साथ ही अनाथ दिव्यांग को स्पॉन्सरशिप स्कीम एवं दिव्यंका पेंशन के तहत मिलने वाली आर्थिक लाभ दिलाने के लिए समस्त कागजी कार्रवाई कराई जा रही है. अनाथ दिव्यांग को आर्थिक मदद के साथ-साथ राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनवाकर उनका पौष्टिक आहार एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा. साथ ही क्रिश्चियन मिशन एनजीओ में शिक्षा के लिए एडमिशन करवाया जाएगा.

### नगरीकला के ग्रामीणों का आंदोलन स्थगित

**तेतुलमारी।** सात सूत्री मांगों को लेकर नगरीकला के ग्रामीणों ने बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन शुरू करने का निर्णय लिया था. सोमवार को प्रबंधन के साथ वार्ता के बाद इसे स्थगित कर दिया गया. प्रबंधन ने मांगों पर सहमति जताते हुए अविलंब समस्याओँ का समाधान करने का आश्वासन दिया. वार्ता के बाद प्रबंधन की टीम ने गांव में कई जगहों का निरीक्षण किया. प्रबंधन ने कहा कि ग्रामीण जमीन उपलब्ध कराए तो समस्याओं का समाधान किया जाएगा. बता दें कि सात सूत्री मांगों को लेकर नगरीकला के ग्रामीणों ने सिजुआ व कतरास क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन देने की घोषणा कर रखी थी. मांगों में नगरीकला को आदर्श ग्राम घोषित कर बिजली-पानी व शिक्षा की व्यवस्था करने, गांव में विवाह भवन बनाने तथा सरकारी विद्यालय में चारदीवारी निर्माण समेत अन्य मांगें शामिल हैं.

## अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)




डुमरी थाना एवं निमियाँघाट थाना के द्वारा चलाये जा रहे संयुक्त अभियान के क्रम में चेकिंग के दौरान रविवार की रात्रि में जीटी रोड कुलगो टॉल प्लॉजा के समीप से पीछा कर कोयला लदा एक ट्रक सं एमएच-34बीजी-3241 को निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डुमरी के नेतृत्व में की जा रही संयुक्त चेकिंग के क्रम में पकड़ा गया. उक्त ट्रक में लोड कोयला के संबंध में जिला खनन कार्यालय, गिरिडीह से विधिवत जांच कराया तो पाया गया कि उक्त ट्रक में कोयला अवैध है. इस संबंध में खान निरीक्षक, जिला खनन कार्यालय, गिरिडीह के द्वारा अवैध कोयला परिवहन से संबंधित दिये गये आवेदन पर ट्रक के चालक, मालिक तथा अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों इन्द्रसेन चौधरी, प्रदीप एवं विकास सिंह, धनबाद के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है. मामले में सुनील प्रसाद उर्फ सुनील साह (उम्र 39 वर्ष) पिता नाथु प्रसाद उर्फ नाथु साह स्थाई पता ग्राम कौवाहा, थाना गोविन्दगंज, जिला मोतीहारी (पूर्वी चम्पारण)को गिरफ्तार किया गया. साथ ही पुलिस ने ट्रक नं एमएच-34बीजी-3241 जिसपर लोड करीब 30 टन कच्चा कोयला था और ट्रक चालक का मोबाईल जब्त कर लिया. छापामारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी, पुअनि राणा जंग बहादुर सिंह, थाना प्रभारी, निमियाँघाट थाना, पुअनि प्रिनन, थाना प्रभारी, डुमरी थाना, पुअनि गोपाल कृष्ण, डुमरी थाना एवं डुमरी एवं निमियाँघाट थाना के सशस्त्र बल शमिल थे.

### पीबी एरिया में एकदिवसीय धरना

**केंदुआ।** अरलगड़िया के ग्रामीणों ने नियोजन, मुआवजा की मांग को लेकर पीबी एरिया पर एक दिवसीय धरना दिया. धरना का नेतृत्व मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश ओझा ने किया. सभा को संबोधित करते हुए विकास सिंह ने कहा कि अगर प्रबंधन वार्ता की पहल जल्द से जल्द नहीं करता है तो आगामी 20 अगस्त को बीसीसीएल के पीबी एरिया का चक्का जाम कर दिया जाएगा. ग्रामीणों ने नियोजन, मुआवजा, आसपास के क्षेत्र में विकास कार्यों के सहित 23 सूत्री मांग पत्र कंपनी को दिया है. धरना का संचालन बबलू सिंह ने किया. धरना को अनिमेष ओझा, रतीलाल महतो, अमित बावरी, डी एल सिंह, दीपक सिंह चौधरी, गुलाब डे, राकेश सिंह ने आदि ने सम्बोधित किया. धरना में राधा गोविन्द, सरजू दास, अवधेश ओझा, नीलकण्ठ महतो, संजय बावरी, सदानंद दास, सोनू सिंह, टिंकू सिंह समेत सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे.

## राजनीति

## विस चुनाव से पहले झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बदले जाएंगे !

# अध्यक्ष पद की दौड़ में एक-दो, तीन नहीं...चार-चार दलबदलू

- खुद बनें या न बनें, सहाय को असहाय बनाने को जोर लगा रहे नेता


संजय सिंह। रांची


प्रदीप बलमुचू


प्रदीप यादव


सुखदेव भगत


बंधु तिर्की


राजेश ठाकुर


सुबोध कांत सहाय

झारखंड में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं. भाजपा जोरशोर से चुनावी तैयारी में जुटी है. सत्ता पक्ष में झामुमो भी चुनावी तैयारी में जुटा है. राजद-वाम दल भी सीटों को लेकर दावे पर दावे ठोक रहे हैं. लेकिन इंडिया गठबंधन की प्रमुख घटक कांग्रेस की चुनावी तैयारी का कुछ पता नहीं चल रहा है. कांग्रेस में बयानवीरों की संख्या ज्यादा हो गयी. उधर सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के मंत्री अपनी डफली अपना राग आलाप रहे हैं. जो मंत्री बने हैं, वे अपनी गोटी फिट करने में जुटे हैं. न संगठन से मतलब, न पार्टी के नेता-कार्यकर्ता से. हाल ही में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर दिल्ली में झारखंड कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की थी. खरगे ने नेताओं की क्लास भी ली थी. उन्हें बताया गया था कि झामुमो के गठबंधन के सहारे कांग्रेस ने दो सीटें खूंटी-लोहरदगा तो जरूर जीत ली, लेकिन सामान्य सीटों पर पार्टी हांफ गयी. खरगे ने सामान्य सीटों पर पार्टी का जनाधार बढ़ाने पर फोकस करने को कहा है. चेताया भी है कि काम नहीं करनेवाले नेता नपेंगे. खरगे प्रदेश के नेताओं से वन टू वन मिले. अधिकांश नेताओं ने खरगे से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को हटाने की मांग रखी. प्रदेश अध्यक्ष के साथ भी जो नेता गये थे, उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए खुद भी दावेदारी ठोक दी. कांग्रेस के अंदरखाने में चुनाव से पहले प्रदेश अध्यक्ष को बदले जाने की चर्चा है. चर्चा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को हटा कर किसी आदिवासी को कमान सौंपी जा सकती है या फिर सामान्य वर्ग से ही किसी को अध्यक्ष बनाया जा सकता है. दोनों पहलु पर मंथन चल रहा है. हालांकि प्रदेश अध्यक्ष के लिए जिन नामों की चर्चा है, उनमें से ज्यादा दलबदलू ही है.

शेष पेज - 6 पर

## डायरिया से एक व्यक्ति की मौत



संवाददाता। धनबाद

पीरटांड (गिरिडीह)। खुखरा थाना क्षेत्र के तुईयो पंचायत के चतरो में डायरिया से एक व्यक्ति की मौत हो गई. बताया जाता है कि चतरो निवासी मंटु हांसदा की डायरिया से मौत हो गई . कुछ दिन पहले मृतक के पिता की भी मृत्यु इलाज के अभाव में हो गया था. वहीं चतरो में डायरिया से आधा दर्जन से भी अधिक लोग प्रभावित हैं. जिसमें प्रिया हांसदा पिता बैजनाथ हांसदा, पुरनी टुडू पति राजेश हांसदा, बारीटांड़ के सोनी सोरेन सहित कई लोग डायरिया के चपेट में है. मंटु हांसदा की मौत की सूचना मिलने के बाद पीरटांड़ बीडीओ मनोज कुमार मरांडी स्वास्थ्य विभाग के टीम के साथ तुईयो के चतरो गाँव पहुँचे. जहां इनलोगों ने ग्रामीणों से मिलकर उनका हालचाल जाना. जिसके बाद स्वस्थ्य विभाग की टीम द्वारा सभी का जांच किया गया. सभी मरीज को दवाई दी गई.

## ब्रीफ खबरें

### नौ सूत्री मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा

**तेतुलमारी ।** भाजपा जिला मंत्री सह रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य महेश पासवान सोमवार को तेतुलमारी रेलवे स्टेशन पहुंचे. उन्होंने स्टेशन मास्टर आफताब आलम, पवन कुमार सिंह के अलावा सीटीआई गोमो के राजू कुमार से यात्रियों जुड़ी समस्या से नौ सूत्री मांग पत्र सौंपकर समाधान करने की दिशा में पहले करने की मांग किया है. उनकी मांगों में तेतुलमारी रेलवे स्टेशन मे रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, जम्मूतवी सियालदह एक्सप्रेस की ठहराव,जर्जर मार्ग की मरम्मति कराने व रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर खुलवाने तथा रेलवे स्टेशन मे संवेदक द्वारा किया जा रहे कार्य में स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता देने सहित शामिल है.

### अरुप चटर्जी की विद्युत कार्यपालक अभियंता से वार्ता

**निरसा।** पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने सोमवार को निरसा विद्युत कार्यपालक अभियंता से निरसा एवं कलियासोल प्रखंड के विभिन्न गांवों के विद्युत सम्बंधित समस्याओं को लेकर वार्ता की. जिसमें रामकनाली, धोबाड़ी, भुरसा, झोल्हाड़ी, डुमरिया आदि गांव के विभिन्न समास्याओं को रखा गया. तत्काल भुरसा एवं धोबाड़ी में खराव ट्रांसफार्मर को कल नया ट्रांसफार्मर लगा देने का आश्वासन दिया गया. मौके पर गोपाल दास, रियायुल, आबाश, अमीत एवं निरसा एवं कलियासोल प्रखंड के ग्रामीण उपस्थित थे.

### मांगों को लेकर विस्थापित समिति की बैठक

**मैथन।** मैथन थर्मल विस्थापित स्थानीय समिति ने 25% बोनस समेत अन्य मांगों को लेकर को लेकर डोमभुई मैदान में सोमवार को बैठक की. बैठक में समिति के अध्यक्ष अशोक मंडल मौजूद थे. बैठक की अध्यक्षता साधु बाउरी ने की. बैठक में एमपीएल से 25% बोनस की मांग एवं कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न समस्याओं पर चर्चा चली. मौके पर मनोहर मंडल, जितेन तिवारी, साधु बाउरी, सोमनाथ तिवारी, गोविंद चौबे, ओमकेश तिवारी, महादेव मारांडी उपस्थित थे.

### मैथन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

मैथनः मैथन क्षेत्र के मेढ़ा ग्राम पंचायत भवन में सोमवार को मैथन सिरामिक लिमिटेड एवं अशर्फी अस्पताल धनबाद के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. उद्घाटन मैथन सिरामिक के डायरेक्टर अजय शर्मा एवं मेंढ़ा मुखिया मनोज राउत ने फीता काटकर किया. शिविर में करीब दो सौ लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई. इन्हें निशुल्क दवा दी गई. मौके पर डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया. उन्होंने लोगों से कहा कि पान, बिड़ी, सिगरेट, गुटखा का सेवन नहीं करें.

### बाघमारा अंचल में भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना जारी

**कतरास।** ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले अंचल कार्यालय में रैयतों का धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा. धरना के दौरान अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद ने बारी-बारी से रैयतों की जमीन की समस्या के निष्पादन करने को लेकर बातचीत की. उनके कागजात एवं आवेदन का अवलोकन कर संबंधित राजस्व कर्मी को कागजात अग्रसारित किया. रैयतों को कहा कि कुछ दिनों में ही धरना पर बैठे सभी लोगों का काम का निपटारा कर दिया जाएगा.

## तोपचांची के सिंहदाहा पंचायत में है मुर्गी फार्म, अपशिष्ट पदार्थ से आबादी त्रस्त

# गंदगी से परेशान ग्रामीण बैठे धरने पर

- शाम तक विवाद बढ़ा, तीन थानों की पुलिस पहुंची मौके पर

**संवाददाता ।तोपचांची**





तोपचांची के सिंहदाहा पंचायत के तेलोडीह गांव में स्थित मुर्गा फार्म की गंदगी और दुर्गंध से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को धरने पर बैठकर फार्म को बंद करने की मांग की. आक्रोशित ग्रामीणों ने मुर्गा फार्म के मुख्य द्वार को क्षतिग्रस्त कर दिया और मुर्गी पालन के द्वार पर ताला जड़ दिया. उन्होंने फार्म के डीजी को भी बंद कर दिया.
शाम तक विवाद बढ़ा और तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ग्रामीणों को गेट से हटाना चाह रही थी लेकिन लोग हटना नहीं चाह रहे थे इसी कारण पुलिस के साथ भी ग्रामीणों की जमकर बकझक हुई. देर रात तक विवाद जारी था. ग्रामीणों ने बताया कि फार्म से निकलने वाला अपशिष्ट पदार्थ कतरी जोरिया में प्रवाहित होने से जोरिया का पानी लगातार दूषित होता जा रहा है, जिससे ग्रामीणों और जानवरों को काफी नुकसान हो रहा है.बताते चलें कि ग्रामीणों ने कई बार फार्म मालिकों व अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. उन्होंने बताया कि ग्रामीण के गुस्से के कारण फार्म का गेट टूटा है. हालांकि घटना के बाद तोपचांची पुलिस घटनास्थल पर डटी हुई है.
ग्रामीण महिला प्रीती देवी ने कहा, हमारे घरों में गंदगी और दुर्गंध से रहना मुश्किल हो गया है. हमने कई बार फार्म मालिकों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. जब तक हमारी वार्ता फार्म संचालक बीरबल मंडल से नहीं होता है तब तक धरना जारी रहेगा. उन्होंने फार्म को बंद करने की मांग की है. मौके पर सावित्री देवी, प्रीति देवी, ननकी देवी, बबली देवी, सबिता देवी, अनिता देवी, जीरा देवी, तिलोत्मा देवी, और यशोदा देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे.

### 4 करोड़ की लागत से निर्माण होने वाली 4 सड़कों का शिलान्यास

**निरसा ।** कलियासोल प्रखंड क्षेत्र के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सुरीयाडीह से नयाडीह तक लगभग 2.5 कि०मी०, कानाडीह से सलूकचापड़ा तक लगभग 3.4 कि०मी०, आँखद्वारा से भालबेड़ा तक लगभग 3.5 कि०मी० और पवैया से छागलिया तक 3.2कि०मी० पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास पूजा अर्चना के पश्चात नारियल फोड़कर निरसा विधायक ने किया. इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक सेन ने कहा कि चुनाव के समय ही इस पथ से गुजरते समय पथ का जर्जर अवस्था को देखते हुए ग्रामीणों से वादा किया था, कि चुनाव जितने के बाद इस पथ को बनाएंगे जो वादा हमने पूरा किया. अब ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को इस पथ से आवागमन करने मे काफी सुविधा होगी. ग्रामीणों ने स्वागत फूल माला पहनाकर किया.

### बीसीसीएल : प्रतिदिन उत्पादन रिपोर्ट

| एरिया | | कोल | | ट्रांसपोर्ट | |
|---|---|---|---|---|---|
| बरोरा | - | 14,509 | टन | 10,131 | टन |
| ब्लॉक-2 | - | 13,741 | - | 13,981 | - |
| गोविंदपुर | - | 1,530 | - | 2,840 | - |
| कतरास | - | 6,000 | - | 5,502 | - |
| सिजुवा | - | 8,115 | - | 6,017 | - |
| कुसुंडा | - | 10,613 | - | 8,491 | - |
| पंजाब | - | 594 | - | 0 | - |
| बस्ताकोला | - | 6,708 | - | 2,365 | - |
| लोदना | - | 13,050 | - | 13,206 | - |
| ईजे | - | 6,608 | - | 0 | - |
| सीवी | - | 1,620 | - | 0 | - |
| डब्ल्यू जे | - | 0 | - | 0 | - |
| कुल | | 83,088 | | 62,533 | |

# भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

## भारत माता की जय, वंदे मातरम् का गगनभेदी उद्घोष के साथ निकले कार्यकर्ता

**संवाददाता ।धनबाद**




भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी आह्वान पर सोमवार को धनबाद विधानसभा के अंतर्गत बैंक मोड़, जेपी चौक से भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में धनबाद विधायक राज सिन्हा के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई. बैंक मोड़ से, नया बाजार, रंगाटांड़, पूजा टाकीज, बेकारबांध, मिश्रित भवन होते हुए रणधीर वर्मा चौक तक भाजयुमो जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, भाजयुमो झारखंड प्रदेश के महामंत्री रूपेश सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष अमलेश सिंह, कार्यक्रम के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून के साथ हजारों की संख्या में युवा पदयात्रा करते हुए देश भक्ति गीतों पे नाचते गाते चले. इस दौरान पदयात्रा में शामिल युवा भारत माता की जय, वंदे मातरम् का गगनभेदी उद्घोष करते हुए पूरे शहर के माहौल को देश भक्ति के रंग में रंग दिया.

### राष्ट्रवाद भाजपा की आत्मा हैः राज सिन्हा

यात्रा में शामिल धनबाद विधायक राज सिन्हा के साथ सभी युवा देश भक्ति की भावना से ओत- प्रोत पूरे जोश में दिख रहे थे. राज सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रवाद भाजपा की आत्मा है. देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया में भारत का तिरंगा लहरा रहा है. तिरंगा हमारी पहचान है और हर भारतवासी का गौरव है. इसे देखकर हर देशवासी के मन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत हो जाती है. इस कारण से भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान भी चलाया जा रहा है. विधायक ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरंगे को हर भारतीय के लिए सहज और सरल ढंग से शान के साथ उपलब्ध कराया. तिरंगा यात्रा देशभक्ति और एकता का प्रतीक है. झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह संजीव अग्रवाल, रमेश राही, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हांसदा, मंडल अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह सोनू, मौसम सिंह, आनंद खंडेलवाल, राजकुमार मंडल, सुमन सिंह, विकास मिश्रा, मुखिया रमेश सिंह, निर्मल प्रधान, निवर्तमान वार्ड पार्षद अशोक पाल, मनोरंजन सिंह, गुडू सिंह अमरेंद्र, रवि सिन्हा, पंकज सिन्हा के साथ अन्य मौजूद थे.

### कतरास में निकली तिरंगा यात्रा

कतरास। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को सांसद प्रतिनिधि सह विधायक प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो के नेतृत्व में कतरास छाताबाद पुल से कतरी नदी सूर्य मंदिर तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई . जिसमें बाघमारा विधानसभा अंतर्गत सभी पांचों मंडल के भाजपा कार्यकर्त्ता शामिल हुए .सैकडों की संख्या में महिला पुरूष कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भक्ति गीतों पर झूमते हुए यात्रा में चल रहे थे . तिरंगा यात्रा की शुरुआत धनबाद सांसद ने आजादी के महानायकों के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं देशभक्ति गीतों के साथ किया . सांसद ने उपस्थित लोगो से हर घर तिरंगा लगाने की अपील करते हुए एवं शहीदों को नमन किया . उन्होंने कहा कि हमारे देश को आजाद कराने में हमारे देश के असंख्य वीरों ने शहादत दी . तब जाकर आज हम सब आजाद भारत बन सका है . इसलिए 15 अगस्त से पहले ही पूरे देशवासियों को जश्न मनाना चाहिए . मौके पर कतरास मंडल महामंत्री सूर्यदेव मिश्रा, मंत्री रामकुमार साहू उर्फ छोटू, बबलू मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे .

### गोमो में निकली बाइक तिरंगा यात्रा

गोमो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूर्व जिला परिषद् सह भाजपा के वरीय नेता हीरामन नायक के नेतृत्व में बाइक पर सवार होकर तिरंगा यात्रा निकाली गई . खेसमी मोड से निकली तिरंगा यात्रा लोको बाजार, सदानंद झा रेलवे मार्केट, स्टेशन चौक, पुराना बाजार के रास्ते हरिहरपुर-कोरकोट्टा होते हुए गोमो रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया . तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता दिलीप गोस्वामी, सत्य नारायण बर्णवाल, अजीत मंडल, मनोज कुमार रजक, सुनील मंडल समेत सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए .

### पहला कदम स्कूल में डीएसएलए की पहल पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




- शिविर लगाने का उद्देश्य स्वास्थ्य जांच समेत दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना

**संवाददाता ।धनबाद**

पहला कदम स्कूल में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के सचिव श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में किया गया. शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को उनके अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने समेत स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य जांच करना था. शिविर के मुख्य अतिथि सिविल जज सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश रोशन थे. शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने डीएलएसए के पहल की सराहना की. कहा कि डीएलएसए जिले में एक प्रहरी के रूप में कार्य कर रहा है. इसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को उनके अधिकार और सरकारी सुविधाएं बिना किसी बाधा के दिलाना है. इस दिशा में डीएलएसए ने सदर अस्पताल में चार दिनों का विशेष शिविर भी लगाया था, जिसमें उन दिव्यांग बच्चों के आवेदन प्राप्त किए गए जिनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र अब तक नहीं बना है.
उन्होंने कहा कि डीएलएसए का कार्य केवल कानूनी सहायता प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि समाज के सभी वर्गों को न्याय और उनके अधिकार दिलाना भी है.
शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य जांच की और चिकित्सा परामर्श दिए. शिविर में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे उनके जरूरतों का ध्यान रखा जा सके. शिविर लगाने में डीएलएसए समेत चिकित्सकों की टीम और स्कूल कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही.

# आंखों में काली पट्टी बांध किया पैदल मार्च



- एसएनएमएमसीएच में नेत्रदान बंद होने पर धनबाद का अनोखा प्रदर्शन

**संवाददाता ।धनबाद**

धनबाद के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में बीते 20 महीने से नेत्रदान बंद होने को लेकर धनबाद के युवा सोमवार को अनोखा प्रदर्शन किया. जिसमें धनबाद के युवा आंखों में काली पट्टी बांधकर नेत्रहीन बनकर जिला परिषद मैदान से रणधीर वर्मा चौक तक पैदल यात्रा की. पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य एसएनएमएमसीएच में नेत्रदान और अंगदान फिर से चालू करवाना है. परिवार से पांच व्यक्ति का मरणोपरांत नेत्रदान करने वाले अंकित राजगढ़िया ने बताया कि बड़े दुख की बात कि हम नेत्रदान जैसा पुण्य काम करना चाहते हैं पर अस्पताल में सुविधा बंद होने से नहीं कर पाते. इस कार्यक्रम में गोपाल भट्टाचार्य, रमा सिन्हा, रमेश राही, इर्शाद आलम,अजय कुमार, रवि शेखर, रोहित भारती, रवि सिंह समेत मौजूद रहे. सभी ने जिला उपायुक्त और मुख्यमंत्री से एसएनएमएमसीएच में अंगदान और नेत्रदान की सुविधा बहाल करने की मांग की है.

### हाथुडीह के बड़े ठाकुर राम नरेश सिंह का निधन

**महुदा।** हाथुडीह के बड़े ठाकुर राम नरेश सिंह के आकस्मिक निधन से इलाके में शोक की लहर है. बड़े ठाकुर होने के कारण इलाके में उनका बड़ा सम्मान था. उनका निधन 87 वर्ष की आयु में हुआ है. उनके पुत्र एक्यूप्रेशर चिकित्सक डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि हम चार भाई और एक बहन हैं. मेरी माताजी सुमित्रा देवी का निधन दस वर्ष पूर्व ही हो चुका है. उनके निधन पर शोक संदेश व्यक्त करने वालों का तांता लगा है. भारतीय जन संसद के नेता केएन शुक्ला, डॉ. बीएन सिंह, डॉ. शैलेंद्र कुमार मिश्रा, रोहित कुमार, पत्रकार प्रणव एन शशिकांत समेत कई ने शोक व्यक्त किया है.

# अंगारपथरा में स्कूल जमीन में समाया, बाल-बाल बचे लोग

**संवाददाता ।कतरास**



अंगारपथरा ओपी इलाके के कांटा पहाड़ी रोड स्थित भूली क्वार्टर के समीप बंद पड़े नया प्राथमिक विद्यालय कांटापहाड़ी स्कूल का एक कमरा रविवार की देर रात जमींदोज हो गया. उक्त कमरे के बगल में अरुण कुमार भुइयां अपने परिजनों के साथ रहते थे. घटना में अरूण के परिजन तो बाल-बाल बच गए लेकिन उनका घर में रखे सारा सामान 60 फीट धरती के नीचे समा गया. इधर सोमवार को भुक्तभोगी अपने परिजनों के साथ मुआवजा और सुरक्षित जगह बसाने की मांग को लेकर भू-धंसान स्थल पर ही धरना पर बैठ गए हैं. जानकारी पाकर जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय सदस्य सत्येंद्र सिंह घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने भू धंसान स्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने तत्काल भुक्तभोगी को आर्थिक सहयोग प्रदान किया. साथ ही बीसीसीएल के किसी अधिकारी के नहीं आने पर नाराजगी जाहिर की. उन्होंने कहा कि भुक्तभोगी को उचित मुआवजा और शिफ्टिंग की दिशा में कदम नहीं उठाया गया तो कतरास क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष धरना देंगे.

## बोकारो रेंज के डीआईजी ने किया चिरकुंडा थाना का निरीक्षण

**चिरकुंडा।** बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा ने सोमवार को चिरकुंडा थाना का निरीक्षण किया. इस दौरान एसडीपीओ रजत मनिक बाखला सहित चिरकुंडा थाना सहित सभी ओपी प्रभारी व पदाधिकारी सहित पुलिस कर्मी मौजूद थे. डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा को सर्वप्रथम चिरकुंडा थाने में पुलिस पदाधिकारियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया.डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने थाना भवन में घुसते के साथ ही ओडी में तैनात पुलिस पदाधिकारी की खाते की जांच की. खाते में अंकित शिकायतों पर एसडीपीओ रजत मनीक बाखला द्वारा संज्ञान लिया गया. उसके बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान सुरेंद्र झा ने बताया कि कई विषयों को लेकर के पदाधिकारियों के साथ चर्चा हुई है.

**In the court of Sri Praveen Kumar, Executive Magistrate, Bermo at Tenughat.**

**AFFIDAVIT**

I, **Ajay Prasad**, aged about 49 years, S/O Ramji Prasad, resident of Village-Hazari Patwa Tola, P.O.-Swang, P.S.-Gomia, District- Bokaro (Jharkhand), PIN-829128 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That, my Nationality is Indian.
2. That, in my Aadhaar Card No. is 3090 3401 8291 and PAN Card No. CMWPP8627C in which my name has been mentioned as **Ajay Prasad**.
3. That, I am Bank account holder of Bank of India, Swang Colliery Branch bearing Account No. 489810510001855 in which my name has been mentioned as **Ajay Kumar** which is required to be corrected as **Ajay Prasad**.
4. That, **Ajay Prasad** and **Ajay Kumar** both names are same and one person i.e. myself.
5. That, I am swearing this affidavit for rectification my name as **Ajay Prasad** in place of **Ajay Kumar** in my said Bank Account of Bank of India, Swang Colliery Branch.
6. That, the contents made above are true and correct, if found false, I shall be punishable under law.

Ajay Prasad
Deponent

Affidavit No. : 4798 Dtd: 06.08.24



चूल्हा चौकी, नावाडीह (असर्फी अस्पताल के समीप, धनबाद)

GC SALES
Mob. : 9431125135
Praveen Agarwal
Housing of Distribution
safari
All Item Ladies Purse Local Toli

Kadmiya Bhawan, Ratanji Road, Purana Bazar, Dhanbad (Jharkhand)


बाबूलाल मरांडी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा
अमर कुमार बाउरी, नेता प्रतिपक्ष
ढुल्लू महतो सांसद
अश्विनी कुमार पाण्डेय
शुभकामनाएं

**आक्रोश** विस्थापितों का आरोप, डीवीसी प्रबंधन कर रहा है बेईमानी

# नियोजन-मुआवजे की मांग, डीवीसी मैथन में धरना

**संवाददाता ।मैथन**




डीवीसी में नियोजन या एकमुश्त मुआवजे की मांग को लेकर विस्थापितों ने दामोदर वैली वास्तुहारा संग्राम समिति के बैनर तले सोमवार से डीवीसी प्रशासनिक भवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए हैं. धरना का नेतृत्व कर रहे समिति के अध्यक्ष वासुदेव महतो ने बताया कि पिछले माह आंदोलन के दौरान डीवीसी प्रबंधन ने एक माह का समय लिया था और वार्ता में सहमति बनी थी कि 10 अगस्त से पहले डीवीसी के अध्यक्ष के साथ कोलकाता मुख्यालय में विस्थापितों की मांग को लेकर वार्ता कराई जाएगी लेकिन वार्ता नहीं कराई गई. जबकि वार्ता के दौरान हमने अल्टीमेटम दिया था कि10 अगस्त तक यदि मांग नहीं मानी गई, तो 12 अगस्त से फिर हम धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल पर बैठेंगे. डीवीसी प्रबंधन का अपने वादा से मुकरने के बाद हम लोग फिर से धरना पर बैठे हैं. महतो ने बताया कि धरना पर बैठने के बाद डीवीसी मैथन प्रबंधन के साथ वार्ता हुई. वार्ता में सहमति बनी की 14 अगस्त को कोलकाता मुख्यालय में डीवीसी के चेयरमैन से वार्ता कराई जाएगी.इसमें समाधान निकाला जाएगा.महतो ने कहा कि यदि विस्थापितों की मांग 14 अगस्त को नहीं मानी गई, तो 15 अगस्त से विस्थापित परिवार भूख हड़ताल पर बैठेंगे और यदि सहमति बन गई तो हमलोग का आंदोलन समाप्त हो जाएगा. उन्होंने कहा कि डीवीसी प्रबंधन को हमारी मांगों पर गौर करना चाहिए. विस्थापित परिवार अपनी मांगों को लेकर कितने दिनों से आंदोलन कर रही है, लेकिन डीवीसी प्रबंधन सिर्फ आश्वासन देकर हमें ठगने का काम कर रहा है. उन्होंने कहा कि डीवीसी प्रबंधन को हमारी मांग मानना होगी, तभी हम आंदोलन को समाप्त करेंगे. उन्होंने कहा कि वार्ता होने तक धरना जारी रहेगा. मौके पर रविशंकर सेन, प्रवीरचन्द्र भंडारी, गोराचंद पंडित, फटिक गोराई, रामलाल मोदी, छोटेलाल हेंब्रम, अजित सेन, लखिनदर मुर्मू, हाफिज मियां, परेश मरांडी आदि उपस्थित थे.

### ब्रीफ खबरें

## फरार अभियुक्त गिरफ्तार, गया जेल

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ पुलिस ने रविवार को दहेज व मारपीट करने का आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया. जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार ने बताया कि दहेज की मांग और मारपीट करने का आरोपी राहुल वर्मा उर्फ राहुल कुमार वर्मा, उम्र 32 वर्ष, पिता दुलार महतो, ग्राम भानोडीह, थाना जमुआ, जिला गिरिडीह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

## आदर्श क्षत्रिय परिवार ने मनाया सावन उत्सव

**बोकारो।** आदर्श क्षत्रिय परिवार बोकारो की महिलाओं का सावन मिलन पार्टी तृप्ति होटल सेक्टर 4 में आयोजित की गई. इस सावन मिलन समारोह में क्षत्रिय परिवार की महिलाओं ने गीत, संगीत और मजेदार गेम का आनंद लिया. सभी सावन की धुनों पर जमकर झूमे. कार्यक्रम में सुनीता सिंह, आशा सिंह, पायल सिंह, मंजरी सिंह, कविता सिंह, शालनी सिंह, शिप्रा, रूबी सिंह, उर्मिला सिंह व रंजीता सिंह उपस्थित रहीं.

## डीसी ने किया मंईयां योजना के विशेष कैंपों का निरीक्षण

**साहिबगंज।** सोमवार को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी हेमंत सती ने साहेबगंज नगर परिषद के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन, पब्लिक हाई स्कूल में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर चल रहे विशेष शिविरों का औचक निरीक्षण किया. उपायुक्त ने शिविर में उपस्थित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के आवेदकों से बातचीत करते हुए हाल-चाल जाना और आवेदन के पश्चात पावती रसीद आवश्यक रूप से लेने की बात कही.
उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में शिविर में उपस्थित भीएलई से अब तक प्राप्त हुए आवेदनों की जानकारी प्राप्त की और संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल सके.

## प्रभावितों को मिली मुआवजा राशि

**डुमरी (गिरिडीह)।** झारखंड सरकार में मंत्री सह स्थानीय विधायक बेबी देवी ने सोमवार को पोरैया पंचायत सचिवालय में बीते दिनों जंगली हाथियों के झुंड के उत्पात से प्रभावित ग्रामीणों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया. इस दौरान मंत्री ने 8 प्रभावित ग्रामीणों के बीच कुल 1 लाख 69 हजार 4 सौ रुपया डिमांड ड्राफ्ट वितरित किया. जिन प्रभावित ग्रामीणों बीच मुआवजा राशि का वितरण किया गया उन ग्रामीणों का तीन अगस्त को जंगली हाथियों के झुंड ने घर, फसल और अनाज को क्षति पहुंचायी थी. इस दौरान कारू तुरी, बुधन मांझी, जीतन मांझी, ललकी मरांडी, चरम सोरेन, चेडरा टुडु, बासुदेव मांझी और बालेश्वर सोरेन को राशि का डिमांड ड्राफ्ट दिया गया.

## एनसीसी कैडेटों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**डुमरी (गिरिडीह)।** झारखंड कॉलेज डुमरी में एनसीसी कैडेटों ने सोमवार को स्वच्छता अभियान चलाया. श्रमदान कर कॉलेज परिसर की एक घंटे तक साफ-सफाई की. अभियान में कॉलेज के शिक्षकों व कर्मचारियों ने भी भाग लिया. प्राचार्य प्रो. प्रमोद कुमार सिन्हा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता में एनसीसी कैडेटों की अहम भूमिका रहती है. अभियान में डॉ सुजीत कुमार माथुर, परीक्षा नियंत्रक डॉ बद्री नारायण प्रसाद, प्रो. रवींद्र कुमार सिंह, प्रो. तालेश्वर नायक, प्रो. मनोज कुमार सिंह, प्रो. उमाशंकर राय, प्रो. शंकर ठाकुर, प्रो. मनोज कुमार तिवारी, निरंजन कुमारी, कैलाश प्रसाद चौधरी, टेकलाल महतो, करू महतो आदि शामिल थे.

## स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बैठक

**पीरटांड।** सोमवार को बीडीओ मनोज कुमार मरांडी की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर एक बैठक आयोजित की गई. बैठक के दौरान सर्वसम्मति से स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन करने के अलावे अन्य कई निर्णय लिए गए. साथ ही स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन पर भी विचार विमर्श किया गया. स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन हेतु सभी स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं सभी थाना के अधिकारियों के साथ टाइम टेबल के विषय में निर्णय लिया गया. बैठक में बीडीओ के अलावे सीओ ऋषिकेश मरांडी, प्रमुख सविता टुडू, अवर निरीक्षक सुनील कुमार सहित संबंधित कर्मी व अधिकारी उपस्थित थे.

### डी फोकस सेवा शिविर की 21वीं वर्षगांठ चास जेल गेट मोड़ पर मनी

# सेवा शिविर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल: इरफान

संवाददाता। बोकारो



सावन की चौथी सोमवारी पर चास के जेल गेट मोड़ पर डी फोकस सेवा शिविर का आयोजन हुआ. डी फोकस सेवा शिविर की 21वीं वर्षगांठ के अवसर पर झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए. इस अवसर पर बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य अतिथियों का भी आगमन हुआ.
सेवा शिविर को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि डी फोकस सेवा शिविर में आपने मुझे मुख्य अतिथि बनाकर गंगा-जमुनी तहजीब का जो संदेश सावन के पावन मौके पर देने का काम किया है, वह झारखंड के लिए एक मिसाल और प्रशंसनीय है. इसके लिए डी फोकस सेवा शिविर का मैं आभार प्रकट करता हूं. मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री को डी फोकस के निदेशक गजेंद्र प्रसाद हिमांशु एवं फिरदौस भाई ने चांदी का मुकुट पहनाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया. शिविर में कांवरियों की चिकित्सा सेवा के लिए आरएनबी अस्पताल द्वारा चिकित्सा शिविर भी लगाया गया था. भगवान भोलेनाथ के सेवकों का भावनात्मक एवं आध्यात्मिक झांकी इस सेवा शिविर में आकर्षण का केंद्र बिंदु था.
इस सेवा शिविर में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, गोमिया के विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो, झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो, बोकारो जिला 20 सूत्री के पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण नायक, चास प्रखंड 20 सूत्री समिति के अध्यक्ष महावीर सिंह चौधरी, कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह, भाजपा नेता रोहित लाल सिंह, मृगेंद्र प्रताप सिंह, चास अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता, सिटी डीएसपी, चास थाना प्रभारी, पिंडराजोरा थाना प्रभारी एवं सैकड़ों गणमान्य लोग समाजसेवी उपस्थित थे. कार्यक्रम को सफल बनाने में डी फोकस परिवार के सदस्यों एवं सेवा दलों की मुख्य भूमिका रही.

# सीएससी संचालक को गोली मारकर 2.79 लाख की लूट

### बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

**खास बातें**
- अपराधियों को दबोचने में जुटे एसडीपीओ
- घायल को राहगीर ने अस्पताल में कराया भर्ती

संवाददाता। गिरिडीह



गिरिडीह के सरिया थाना इलाके के खेडुआ नदी के समीप सोमवार को दो बाइक सवार अपराधियों ने एक सीएससी संचालक को दिनदहाड़े गोली मारकर उससे दो लाख 79 हजार रुपये लूट कर फरार हो गया.
जानकारी के अनुसार सीएससी संचालक विश्वनाथ यादव सरिया के केशवरी में रहकर सीएससी चलाता है और सोमवार को अपने केंद्र से 2 लाख 79 हजार रुपये लेकर बाइक से सरिया बैंक जमा करने जा रहा था. इसी दौरान जब वो खेडूआ नदी के समीप पहुंचा तो एक बाइक में दो नकाबपोश अपराधी पिस्तौल सटाकर उसके पास में रखे 2 लाख 79 हजार रुपये से भरा बैग लूट लिया.
इस दौरान एक अपराधी ने सीएससी संचालक विश्वनाथ यादव पर गोली भी चला दिया. जिससे गोली आरपार हो गई. जबकि पैसे से भरा बैग लूटने के बाद दोनों अपराधी फरार हो गए. घटना के दौरान ही उधर से पूजा कर लौट रहे महेंद्र मंडल ने जब सड़क पर खून से लथपथ सीएससी संचालक विश्वनाथ यादव को देखा तो उसने ही सीएससी संचालक को सरिया के देवकी अस्पताल ले गये. वहीं जानकारी मिलते ही एसडीपीओ धनंजय राम के साथ बगोदर विधायक विनोद सिंह और आजसू नेता अनूप पांडे भी देवकी अस्पताल पहुंचे और विश्वनाथ यादव से पूरी जानकारी ली. इधर घटना के बाद से एसडीपीओ धनंजय राम और सरिया पुलिस भी अपराधियों को दबोचने में जुट गई है. फिलहाल दोनों अपराधी फरार बताए जा रहे हैं.

**घटनास्थल सरिया थाना के खेडुआ नदी के पास**

## जिप सदस्य ने की गोशाला निर्माण करने की मांग

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने उपायुक्त को पत्र लिखकर डुमरी में सरकारी स्तर पर गोशाला निर्माण करने की मांग की है. उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि डुमरी प्रखंड के बीचों-बीच नेशनल हाईवे जीटी रोड गुजरी हुई है, जो बिहार से बंगाल की ओर जाती है. आए दिन यहां गो तस्करी के लिए बिहार से बंगाल की ओर ले जाने के लिए गाय एवं गोवंश प्रशासन की तात्पर्यता से गो तस्कर पकड़ा जा रहा है तथा गाय एवं गोवंश गो तस्कर से मुक्त करा रहे हैं. इतना तक की स्थानीय स्तर पर भी गो तस्करी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन वैसे तस्कर को पकड़ कर जेल भेज रही है तथा गोवंश गो तस्कर से मुक्त करा रहे हैं लेकिन गो तस्करों से मुक्त कराने वाले गाय एवं गोवंश को सुरक्षित रखने के लिए डुमरी प्रखंड में वैसा कोई सरकारी गोशाला नहीं रहने के कारण उन गाय एवं गोवंशो को मधुबन गोशाला भेजा जाता है, जहां पहले से ही गोशाला में लिमिट से अधिक गाय एवं गोवंश हैं. जिससे यहां की गाय गोवंश को वहां रखवाने में भी आनाकानी होती है. जिप सदस्य ने डीसी से अनुरोध करते हुए डुमरी प्रखंड में गोशाला की जमीन उपलब्ध कराते हुए सरकारी स्तर पर गोशाला बनवाने की मांग की है ताकि यहां पर गो तस्करों से मुक्त होने वाले गायों एवं गो वंश को सुरक्षित स्थान मिल सके.

# अवैध लॉटरी टिकट के साथ दो गिरफ्तार

**खास बातें**
- नगद 41 सौ, दो मोबाइल बरामद
- एसपी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

संवाददाता। गिरिडीह



गिरिडीह पुलिस ने नागालैंड स्टेट कंपनी के अवैध लॉटरी टिकट के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है.
इस संबंध में बताया जाता है कि गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को सूचना मिली थी कि मकतपुर के बीबीसी रोड निवासी द्वारा अवैध लॉटरी टिकट से जुआ खेलने का धंधा किया जा रहा है. इसको लेकर एसपी श्री शर्मा ने नगर और मुफस्सिल थाना पुलिस के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया. टीम ने छापेमारी कर नगर थाना क्षेत्र के बीबीसी रोड निवासी विजय प्रसाद जायसवाल के पुत्र अमित कुमार जायसवाल और नगर थाना क्षेत्र के भंडारीडीह मस्जिद के बगल निवासी स्व शाहिद अंसारी के पुत्र मो नजरुल होदा को गिरफ्तार किया. उसके पास से नागालैंड स्टेट कंपनी का 1500 पीस लॉटरी टिकट, 41 सौ रुपये नगद और दो मोबाइल बरामद किया गया. छापेमारी टीम में नगर थाना प्रभारी शेलेन्द्र प्रसाद, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्यामकिशोर महतो, एएसआई विक्रम कुमार सिंह, एएसआई अरविंद पाठक शामिल थे. गिरफ्तार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया.

# विद्यालय निर्माण को ले सीओ ने किया जमीन का निरीक्षण

संवाददाता। गावां (गिरिडीह)



गावां प्रखंड स्थित अमतरो में गावां सीओ अविनाश रंजन, पूर्व विधायक राजकुमार यादव की उपस्थिति में अमतरो में विद्यालय निर्माण को लेकर स्थल का निरीक्षण किया गया. सीओ व अन्य कर्मियों ने गांव के आसपास गैर मजरुआ जमीन का निरीक्षण किया. ज्ञात हो कि अमतरो का प्राथमिक विद्यालय जर्जर होकर गिर गया है. वहां के बच्चों को गांव से डेढ़ किमी दूरी पर स्थित मवि साढां में पढ़ाई करनी पड़ रही है . जहां जाने में छोटे-छोटे बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. मामले को ले एक सप्ताह पूर्व भाकपा माले के द्वारा बीच सड़क पर टेंट लगाकर कक्षा चलाया गया था. इस दौरान लगभग चार घंटे तक गावां-सतगावां पथ पुरी तरह जाम हो गया था. मौके पर बीडीओ महेंद्र रविदास, सीओ अविनाश रंजन, बीईईओ तितुलाल मण्डल, थाना प्रभारी महेश चंद्र आदि पहुंचकर समस्या का समाधान का आश्वासन दिया था. मौके पर उपस्थित सीओ ने कहा कि विद्यालय के पास गैर मजरुआ जमीन का निरीक्षण किया गया है. वहीं इस जमीन से संबंधित दावा रखने वाले लोगों से कागजात की मांग की गई है. कागजातों के जांच के बाद जमीन उपलब्ध करवाया जाएगा.
मौके पर सीआई विजय चौधरी, नागेश्वर यादव, राजन सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे.

### सरकार ने 50 लाख महिलाओं को योजना का लाभ देने का रखा है लक्ष्य

# मुख्यमंत्री मंईयां योजना से भाजपा में बौखलाहट : झामुमो

संवाददाता। गिरिडीह



गिरिडीह जिला झामुमो अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से भाजपा बौखलाहट में है. इसी बौखलाहट में केंद्र सरकार की मंत्री अन्नपूर्णा देवी से लेकर पंचायत स्तर के भाजपा नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं. सिंह सोमवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे. उन्होंने कहा कि मंईयां योजना को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है. यह देख विपक्ष लोगों को भ्रम में डाल रहा है. क्योंकि उन्हें जनाधार खिसकने का डर सता रहा है. बदहवासी में भाजपाई अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं. योजना की शुरुआत 3 अगस्त को हुई थी और 11 अगस्त की रात तक पूरे राज्य में 26 लाख महिलाओं की एंट्री हो चुकी है. रक्षाबंधन के दिन राज्य की बहनों को इसकी पहली सौगात मिलेगी.
झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि शुरुआती दौर में कुछ तकनीकी समस्या आई थी, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऑफलाइन फॉर्म जमा लेने के निर्णय के बाद अब परेशानी दूर हो गई गई है. योजना को सफल बनाने में महागठबंधन के सभी सहयोगियों का सहयोग मिल रहा है. प्रखंडों व पंचायतों में कैंप लगाकर फॉर्म लिया जा रहा है. उन्होंने महिलाओं से कहा कि किसी के बहकावे में नहीं आएं. अपना फार्म जरूर भरें, ताकि आपको योजना का लाभ मिल सके. सरकार ने 50 लाख महिलाओं को योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा. गिरिडीह में 6 लाख का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. जिला अध्यक्ष ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र में ही 5000 पीएम आवास से वंचित हैं. सीसीएल क्षेत्र में एनओसी के अभाव में पीएम आवास का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है. वहीं, दूसरी ओर जाति-धर्म से ऊपर उठकर राज्य सरकार जब महिलाओं को लाभ देने जा रही है, तो भाजपा बाधक बन रही है.

## एंटी रैगिंग दिवस पर जागरुकता महोत्सव

**कथारा।** बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के जारंगडीह उत्तरी पंचायत में स्थित केबी कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एन्टी रैगिंग सेल एवं आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्वावधान में एंटी रैगिंग दिवस के अवसर पर एंटी रैगिंग जागरुकता महोत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जो जंतुशास्त्र सभागार में दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया. मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि रैगिंग एक अमानवीय व्यवहार है. यह कॉलेज पूरी तरह से रैगिंग मुक्त परिसर के रूप में स्थापित है. एन्टी रैगिंग सेल के कोऑर्डिनेटर डॉ प्रभाकर कुमार, सदस्य डॉ नीला पूर्णिमा तिर्की, डा साजन भारती हैं. किसी भी तरह की कोई शिकायत छात्र इस सेल के माध्यम से कर सकते हैं. प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा कि रैगिंग एक संज्ञेय अपराध है, इसके लिए कानून में दंड का प्रावधान है. रैगिंग की सूचना 24 घंटे के भीतर स्थानीय थाने में दी जानी है. इसका अधिक से अधिक जागरुकता छात्र-छात्राएं के बीच रहनी चाहिए.

## मंदिर में दो महिलाओं ने चेन छिनतई, हंगामा

**गोड्डा।** सावन के चौथे सोमवार को शिवपुर मंदिर में जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही तो वहीं दूसरी ओर मंदिर में चोर उचक्कों की चांदी रही. चेन छिनतई करने वाले गिरोह ने दो महिलाओं के गले से सोने का चेन छीन कर फरार हो गया. गिरोह का शिकार बनी स्थानीय गंगटा मोहल्ले की गीता देवी एवं मिशन मोहल्ला की सुनीता देवी ने रोते हुए बताया कि पूजा करने में व्यस्त थे, पता ही नहीं चला कब गले से हार निकाल लिया गया. गीता देवी का हार करीब डेढ़ भर वजन का था, जिसकी वर्तमान बाजार मूल्य करीब एक लाख से अधिक बताई जाती है. जबकि सुनीता देवी का चेन करीब सवा भर की थी. घटना के बाद लोगों ने ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिस को मोबाइल चलाने में व्यस्त देखते हुए उग्र हो गये और हो हंगामा करने लगे. हो हंगामा होने पर एसडीपीओ ने पहुंच कर लोगों को शांत कराया. घटना को लेकर दोनों महिलाओं ने मामला दर्ज कराई है.

## पुराने प्रखंड परिसर का भवन गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त

**गांडेय (गिरिडीह)।** सोमवार को गांडेय प्रखंड मुख्यालय में स्थित पुराना प्रखंड परिसर के भवन के टूट के गिरने से उसके सामने खड़ी दो मोटर साईकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. बता दें कि गांडेय प्रखंड में बने पुराने प्रखंड परिसर का भवन काफी जर्जर हालत हो गई है. बरसात के दिनों में प्रखंड परिसर आने वाले लोग अक्सर उस भवन के नीचे अपनी मोटर साईकिल खड़ी कर प्रखंड और अंचल में जाकर अपना काम किया करते थे. सोमवार को प्रखंड में कार्यरत कर्मी अपनी मोटर साईकिल को खड़ी कर प्रखंड कार्यालय में अपना काम कर रहे थे, तभी अचानक से भवन का एक हिस्से का छज्जा टूट कर नीचे गिर गई. जिसके कारण सामने खड़ी दो मोटर साईकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. क्षतिग्रस्त वाहन को मजदूरों के सहारे बाहर निकाल कर बनाने के लिए भेज दिया गया.

## विधायक ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

**कथारा।** बेरमो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह उत्तरी पंचायत में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने विधिवत उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण का शिलान्यास किया. इस अवसर पर बेरमो विधायक ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य समस्या से निजात मिलेगी और साथ ही साथ क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी. 55 लाख की लागत से निर्माण कार्य पूर्ण किया जायेगा. मौके पर बेरमो विधायक प्रतिनिधि विलसन फ्रांसिस उर्फ बबलू, छेदी नोनिया, प्रमोद सिंह, अजय सिंह, पंचायत समिति सदस्य अरूण कुमारी, अनंत कुमार, धनंजय त्रिवेदी, रविशंकर दुबे, कृष्ण कुमार ऊर्फ बाबा, किशोर भूईया, मो इरशाद, सूरज कुमार, पूर्व मुखिया मो.इम्तियाज अंसारी, ललित रजक, रौशन कुमार, संतोष सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## 21 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कालेज में बी.टेक. और एम.बी.ए. के नव-दाखिल छात्रों के बैच के 21 दिवसीय 'इंडक्शन प्रोग्राम' का शुभारंभ हुआ. इसके अलावा कॉलेज ने 'एंटी-रैगिंग डे' मनाया. कालेज निदेशक डा. प्रियदर्शी जरूहार ने अपने भाषण में नये छात्रों का हार्दिक स्वागत करते हुए कॉलेज के मूल्यों के बारे में बताते हुए बताया कि वे मोटिवेटेड स्टूडेंट फोर्स बनाते हैं तथा छात्रों को बेहतरीन योगदान और प्रदर्शन के लिये प्रेरित करते हैं. उत्कृष्ट उच्च तकनीकी शिक्षा से इतर कॉलेज विज्ञान प्रदर्शनी, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय कान्फरेन्सेस, विभिन्न कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम, एन. एस. एस. और ग्रीन आर्मी, इन्टर्नशिप, प्लेसमेंट, फिल्म निर्माण तथा प्रतियोगिताओं के मार्फत अपने छात्रों का संपूर्ण विकास करने के प्रति कटिबद्ध है. कॉलेज मूल्यवान शिक्षा और रोजगार के अलावा उपयोगी और जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण करता है. उन्होंने यह भी बताया कि कॉलेज कैंपस पूर्णतः रैगिंग-मुक्त है तथा इसे सुनिश्चित करने के लिये बहु-स्तरीय व्यवस्था विधिवत कायम है.

## संगठनात्मक मुद्दों को ले भाकपा माले की बैठक

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित सेरुआ में सोमवार को भाकपा माले की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य रुप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे. बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई. बूथ आधारित कमिटी के निर्माण का निर्देश देते हुए डोर टू डोर भ्रमण पर चर्चा किया गया. राजकुमार यादव ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से क्षेत्र का विकास ठहर सा गया है . अपनी कार्यकाल में मैने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये. गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया. वहीं पुल पुलियों का भी निर्माण करवाया गया. पिछले पांच वर्ष में क्षेत्र में कोई भी उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ. क्षेत्र में अपराध का ग्राफ भी बढ़ता जा रहा है. संगठन को मजबूत करके कार्यकर्ता पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें.

## टेंट, साउंड, लाइट एसोसिएशन की बैठक

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड मुख्यालय स्थित अम्बेडकर भवन में टेंट, साउंड व लाइट एसोसिएशन संघ का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के जिलाध्यक्ष रामजी यादव एवं थाना प्रभारी महेश चंद्र उपस्थित थे. मौके पर उपस्थित जिलाध्यक्ष ने टेंट, साउंड व लाइट संचालन के संबध में आवश्यक दिशा निर्देश व संचालन के तौर तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला. वहीं संगठन की मजबूती पर भी चर्चा की. थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि एसोसिएशन के लोग सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए साउंड आदि का संचालन करें. अश्लील गाना बजाने से परहेज करें.

## अवैध हथियार पकड़ने वाले पुलिस अधिकारी सम्मानित

**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक बोकारो पूज्य प्रकाश द्वारा बोकारो जिला के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, सभी थाना प्रभारी के साथ माह जुलाई का मासिक अपराध समीक्षा की गयी. बैठक में शंकर रवानी हत्या कांड में अत्याधुनिक अवैध हथियार पकड़ने में शामिल पुलिस उपाधीक्षक नगर, थाना प्रभारी हरला, थाना प्रभारी सिटी, थाना प्रभारी बालीडीह, थाना प्रभारी सेक्टर बारह, पुअनि प्रभात कुमार सिटी थाना, श्रीनिवास झरिया ओपी प्रभारी और अन्य पुलिस पदाधिकारी को कॉमेंडेशन रौल देकर सम्मानित किया गया.

## वेदांता ने ईएसएल स्टील प्लांट को बेचने पर लगाई रोक

**बोकारो।** स्टील कारोबार को बेचने की योजना बना रही वेदांता ने अब बोकारो स्थित ईएसएल स्टील प्लांट को बेचने की योजना को फिलहाल रोक दिया है. अनिल अग्रवाल द्वारा नियंत्रित मुंबई मुख्यालय वाली वेदांता, सलाहकारों के साथ कारोबार की बिक्री पर काम कर रही थी, जिसमें लौह अयस्क और मैंगनीज खदानें शामिल हैं ताकि वेदांता ग्रुप के कर्ज के बोझ को कम करने में मदद के लिए लगभग 2.5 बिलियन डॉलर जुटाए जा सकें. पिछले महीने शेयर प्लेसमेंट के ज़रिए वेदांता के अरबों डॉलर के फंड जुटाने से कर्ज का दबाव कुछ कम हुआ है और बेचने की ज़रूरत कम हुई है. ऐसा माना जा रहा है कि कंपनी बाद में बिक्री पर फिर से विचार कर सकती है, लेकिन स्टील व्यवसाय से जुड़ी किसी रेगुलेटरी कन्सर्न का खुलासा नहीं किया.

## डीएवी कथारा में देशभक्ति गायन प्रतियोगिता

**कथारा।** डीएवी पब्लिक स्कूल, कथारा की जूनियर विंग में सीसीए के तहत सोमवार को एकल देशभक्ति गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया. कार्यक्रम में डीएवी झारखंड जोन जी के निदेशक विपिन राय बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है. प्रतियोगिता में कक्षा 5 डी की अदिति कुमारी प्रथम, कक्षा 4 डी के समर्थ सिंह द्वितीय, कक्षा 4 डी के ही मोहित डेविड प्रजापति तृतीय वह कक्षा 3 डी के आरव कश्यप चतुर्थ स्थान पर रहे.

## दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर कमिटी गठित

**कथारा।** कथारा चार नंबर दुर्गा मंडप में दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर प्रबुद्धजनों की बैठक श्याम नंदन मंडल की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुई. संचालन तपेश्वर चौहान ने किया. बैठक में सर्व समिति से महाप्रबंधक कथारा को संरक्षक, परियोजना पदाधिकारी विजय कुमार को अध्यक्ष, थाना प्रभारी राजेश प्रजापति को सह रक्षक, अजय कुमार सिंह को सचिव, चंद्रशेखर प्रसाद को कोषाध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष के पद पर मथुरा सिंह यादव, तपेश्वर चौहान, देवेंद्र यादव, बिरजा लाल, सहायक सचिव एम एन सिंह, विजय यादव, देवाशीष आश, सुजीत मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष संतोष सिन्हा का चयन किया गया.

## कलाकारों ने चयन समिति के समक्ष दी प्रस्तुति

**साहिबगंज।** सोमवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले कलाकारों द्वारा सिद्धो-कान्हू सभागार में चयन समिति के समक्ष कार्यक्रम प्रस्तुत किया. विभिन्न विद्यालयों व कॉलेज से आई चयनित टीमों का स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए चयन किया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 14 अगस्त, 2024 को संध्या 6:00 बजे से टाउन हॉल, साहिबगंज में होगा.

**ब्रीफ खबरें**

### पेड़ से लटकता मिला ईसीएल कर्मी का शव

**जामुड़िया।** जामुड़िया थाना के केंदा फाड़ी क्षेत्र के चाकदोला कोलियरी के कृष्णानगर कॉलोनी में रहने वाले ईसीएल कर्मी बबलू लो (48) का शव सोमवार को पुलिस ने बरामद किया. स्थानीय लोगों ने बंद पड़े चाकदोला कोलियरी के पास एक पेड़ से रस्सी से लटकता हुआ शव देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया. मृतक बबलू लो ईसीएल केंदा एरिया के न्यू केंदा कोलियरी में कार्यरत थे.

### दुष्कर्म के विरोध में डीवाईएफआई का प्रदर्शन

**बराकर।** कुल्टी जोन के बामपंथी छात्र और युवा संगठन डीवाईएफआई ने कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज में हुई घटना के विरोध में कुल्टी श्री पूर मोड़ पर पथ सभा और विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान लगभग पंद्रह मिनट के लिए बराकर-आसनसोल मार्ग अवरुद्ध हुआ. पथ सभा और विरोध प्रदर्शन में घटना में शामिल दोषियों को जल्द से जल्द सजा देने की मांग की गई. डीवाईएफआई के राज्य स्तरीय नेता बिनोद सिंह ने विरोध सभा का नेतृत्व किया. उन्होंने विरोध सभा के माध्यम से कहा कि कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की एक महिला चिकित्सक के साथ एक सिपाही द्वारा दुष्कर्म की घटना जघन्य अपराध है. इस घटना में कोलकाता के युवा वामपंथी छात्र संगठन ने न्याय का सवाल उठाना प्रारंभ किया, लेकिन पुलिस ने उनके साथ गलत तरीके से धक्का-मुक्की की, जिसका हम विरोध करते हैं.

### ग्वाला समाज की वार्षिक सभा

**जामुड़िया।** जामुड़िया के केंदा गाँव मे पहला वार्षिक सभा पश्चिम बंग ग्वाला समाज केंदा आंचलिक कमिटी की ओर से रविवार देर शाम को आयोजन किया गया । इस दौरान सबसे पहले केंदा ग्राम स्तिथ मां भगवती मंदिर के पास से एक जुलूस का आयोजन किया गया. जुलूस केंदा गांव परिक्रमा करते हुए फुटबॉल ग्राउंड,चार नंबर,बाउरी पड़ा,तीन नंबर होते हुए सभा स्थल के पास पहुंच समाप्त हो गया. वही इस दौरान केंदा ग्राम निवासी विशिष्ट समाजसेवी पूर्व जामुड़िया पंचायत समिति सभापति मुकुल बनर्जी तथा स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया.जुलूस के दौरान भगवान श्री कृष्ण,स्वंत्रता सेनानी शाहिद खुदीराम बोस की तस्वीर लेकर जय श्री राधे कृष्ण का उदघोष लगाया जा रहा था.

### संपति विवाद में जान मारने की धमकी

**शिल्पांचल।** शिल्पांचल में वरिष्ठ नागरिक दीपक चटर्जी ने जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक से अपनी जान की गुहार लगाई है. 69 वर्षीय दीपक चटर्जी ग्राम पंचायत ब्राह्मण टोला राहे के निवासी हैं और अपनी पत्नी के साथ रहते हैं. उन्होंने बताया कि उनके भाइयों द्वारा उन्हें निरंतर प्रताड़ित किया जा रहा है, संपत्ति से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है और जान से मार देने की धमकी दी जा रही है. दीपक चटर्जी ने बताया कि उनके भाइयों के मन में लालच आ चुका है और वे उन्हें और उनकी पत्नी को घर से निकालना चाहते हैं. उनकी दुकान भी जोर जबरदस्ती हड़प ली गई है. हुमन राइट काउंसिल के अध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह ने कहा कि इस घटना को लेकर प्रशासन के बड़े अधिकारियों से बातचीत की जाएगी और दीपक चटर्जी को प्रशासन की तरफ से सुरक्षा मुहैया कराया जाएगा.

### आसनसोल क्लब में सेवा में लापरवाही

**रानीगंज।** रानीगंज के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं उद्योगपति सुरेश जयसवाल ने पश्चिम बर्दवान के सुप्रसिद्ध आसनसोल क्लब में भोजन की गुणवत्ता और सर्विस की अवेहलना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है. उन्होंने बताया कि वे करीब 40 वर्षों से आसनसोल क्लब के मेंबर हैं और जिला की सबसे बेहतर क्लब में मेंबरशिप के लिए आठ लाख रुपए की शुल्क लगती है.
सुरेश जयसवाल ने आसनसोल क्लब के कर्मचारी हेड पर आरोप लगाते हुए कहा कि परिवार सहित आसनसोल क्लब गए, लेकिन उचित सर्विस नहीं मिली. भोजन के लिए जो आर्डर किया गया था, क्वांटिटी काफी कम मिली और सर्विस में भी लापरवाही थी. इसकी शिकायत उन्होंने आसनसोल क्लब के अध्यक्ष से की. सुरेश जयसवाल ने बतलाया कि पश्चिम बर्दवान का सबसे सर्वश्रेष्ठ क्लब के नाम से लोग आसनसोल क्लब को जानते हैं.

## सालानपुर में जिलाधिकारी की प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक

# पेयजल, सड़क, बिजली समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**खास बातें**
- भूमि, मकान नष्ट होने की स्थिति में दिया जाएगा मुआवजा



**संवाददाता। सालानपुर**

सालानपुर ब्लॉक प्रशासनिक कार्यालय में सोमवार को जिलाधिकारी समेत सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसमें पेयजल, सड़क, बिजली समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी. वहीं बाइपास चौरंगी मोड़ से रूपनारायणपुर रेलवे स्टेशन के आगे टोल टैक्स तक करीब 145 करोड़ की लागत से सड़क चौड़ीकरण पर भी विशेष चर्चा हुई. बैठक की अध्यक्षता जिला शासक एस पोन्नम्बलम ने की साथ ही बैठक में जिला परिषद के अध्यक्ष विश्वनाथ बाउरी, आसनसोल के मेयर तथा बाराबनी के विधायक बिधान उपाध्याय, आसनसोल के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट विश्वजीत भट्टाचार्य, पीडब्ल्यूडी सड़क के कार्यकारी अभियंता श्रीकांत सिंह, जिला परिषद अधिकारी मोहम्मद अरमान , सालानपुर बीडीओ देबंजन विश्वास, बिजली विभाग के एई विप्लव मंडल, पंचायत समिति अध्यक्ष कैलाशपति मंडल, उपाध्यक्ष विद्युत मिश्रा समेत सभी प्रधान ,उपप्रधान एब पुलिस प्रशासन व अन्य अधिकारी मौजूद थे . मालूम हो कि इस सड़क को डबल लेन बनाने का काम चालू वित्तीय वर्ष में ही शुरू कर दिया जायेगा और दो साल के अंदर इसे पूरा कर लिया जायेगा . यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग से पश्चिम बंगाल को झारखंड बिहार के देवघर सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों से जोड़ेगा . यह सड़क अब चौरंगी मोड़ से रूपनारायणपुर रेल ब्रिज के पहले तक साढ़े सात मीटर चौड़ी है . झारखंड रोड साढ़े पांच मीटर चौड़ी है . लेकिन गाड़ीयो का दबाव बढ़ रहा है जिसके चलते पूरी सड़क 10 से 12 मीटर चौड़ी होगी . मुख्य सड़क के दोनों ओर बने फुटपाथ और पानी के पाइपों में बिजली के खंभों आदि के लिए जगह नहीं होगी . जिसके लिए दोनों तरफ उपयुक्त नालियां बनाई जाएंगी . कुल 8 किमी 725 मीटर लंबी सड़क में दस पुलिया, देंदुआ रेल क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज और सालानपुर देंदुआ जेमारी अल्लादी में सड़क के किनारे साढ़े पांच मीटर चौड़ी सर्विस रोड होगी . माना जा रहा है कि जरूरत के मुताबिक कई दुकानें, मकान, कई धार्मिक स्थल, एक स्कूल को तोड़ा जाएगा . हालाँकि, प्रशासन धार्मिक स्थलों को स्थानांतरित करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग करेगा . हर स्थिति में उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा . सड़क के डबल लेन बनने के बाद एक तरफा यातायात की गति 110 किमी प्रति घंटे तक होने की उम्मीद है . सड़कों के बीच कोई डिवाइडर नहीं रखा जाएगा . बैठक में बताया गया कि भूमि एवं मकान नष्ट होने की स्थिति में भूमि एवं मकान का पृथक-पृथक पर्याप्त मुआवजा की व्यवस्था की गई है . बंगाल झारखंड को जोड़ने वाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 419 के डबल लेन को लेकर जिले के गवर्नर की काफी रुचि है .

## ईसीएल के अधिकारियों ने की गोड्डा डीसी से मुलाकात

# राजमहल क्षेत्र के विकास-विस्तार के लिए समर्थन का आश्वासन



**संवाददाता। बराकर**

समीरन दत्ता, सीएमडी, ईसीएल और नीलाद्रि रॉय, निदेशक (तकनीकी), ईसीएल ने श्री जीशान कमर, डीसी, गोड्डा से उनके कार्यालय में क्षेत्रीय महाप्रबंधक, राजमहल क्षेत्र के साथ मुलाकात की. ईसीएल अधिकारियों ने राजमहल क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए डीसी, गोड्डा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन अधिकारियों के सक्रिय समर्थन और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया. इसके अलावा, उन्होंने भूमि, अधिग्रहण और पुनर्वास, पर्यावरण और वन मुद्दों, सुरक्षा, सीएसआर/स्थानीय आबादी के कल्याण आदि सहित राजमहल क्षेत्र को आगे विकास और विस्तार के लिए रणनीतियों के बारे में विस्तृत चर्चा की. डीसी, गोड्डा ने क्षेत्र के सतत विकास के साथ-साथ क्षेत्र की सभी परियोजनाओं के उत्पादन और उत्पादकता में सुधार के लिए सभी अपेक्षित समर्थन का आश्वासन दिया.

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आदेश की उड़ रही धज्जियां

# पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत से हो रही आलू की तस्करी

**खास बातें**
- मोटी रकम लेकर दलाल पार करा रहे ट्रक
- पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया



**संवाददाता। बराकर**

राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा बार-बार जिला प्रशासक और उच्च अधिकारियों को आदेश दिया जा रहा है कि आलू पश्चिम बंगाल से दूसरे राज्य में ना जाय, परंतु देखा जा रहा है कि आलू के ट्रक से मोटी रकम लेकर देर रात्रि दलाल के द्वारा राज्य से बाहर भेजा जा रहा है. इसी बीच कुछ स्थानीय युवकों ने एक आलू से लगे एक ट्रक को टोकन के साथ नाका पार करते पकड़ा, वही कुल्टी पुलिस ने मामला को हाइलाइटेड होते देख कर टोकन में छपे चीकू नामक युवक को गिरफ्तार कर कोट भेज रिमांड की मांग की हैं. स्थानीय लोगो ने बताया कि बंगाल झारखंड बॉडर डिबूडीह सहित आस पास के बॉडर से आलू पुलिस अधिकारियों की मिली भगत से प्रत्येक ट्रक पर मोटी रकम ले कर पास किया जा रहा है. सूत्रों से मिली खबर के अनुसर आलू के पर ट्रक से 18 से 22 हजार ले कर एक टोकन के माध्यम से ट्रक बे खोफ दूसरे राज्यों में प्रवेश करया जा रहा हैं, जहां एक ओर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राज्य के लोगों को हित देखते हुए की आलू का दाम राज्य में कम हो आम आदमी कम से कम आलू भात नसीब हो परन्तु उनके इस आदेश पर पनी फेरते हुए आसनसोल के कुछ पुलिस आधिकारी सिंडीकेट से मिल कर मोटी रकम लेकर कर ट्रक पास कर चांदी काट रहे हैं. वहीं सूत्रों से मिली खबर अनुसर कुछ दलालो का मिल कर एक सिंडीकेट बनाया हैं, जिसमें झारखंड आसनसोल से बर्दवान के लोगों का सीडेकट बना हैं इसके द्वारा कोड वर्ड लिखा हैं इसे दिखा कर पासिंग मिल जाती हैं. ऐसे दो से तीन टोकन चल रहे है जिसमें से एक टोकन को ट्रक के साथ रोका गया. जिसमे दो लोगो के नंबर लिखे हुए थे. एक नाम भी था चीकू दा, बताया जा रहा है कि चीकू आरटीओ का भी पासिंग करता हैं. इन लोगो द्वारा कुछ पुलिस अधिकारियों के साथ एक सिस्टम के तहत रकम दी जाती हैं. सिंगनल मिलते ही बॉडर पार कर दिया जाता हैं, सूत्र बताते हैं कि ये आलू के ट्रक कुछ गिने चुने लोगों के ही पास हो रहे है. जिसके कारण सीमा के आसपास इलाके के दलालों द्वारा एक साथ संगठित हो कर टोकन ले कर जा रही गाड़ी को पकड़ हो हल्ला मचा दिया जैसे ही या ट्रक नाका के समीप पहुंचीं ड्राइवर द्वारा टोकन पुलिस को दिखते ही स्थानीय युवकों ने हंगामा मचाना सुरु कर दिया पुलिस द्वारा हो हल्ला को शांत करते हुए ट्रक को बैरंग वापस बर्दवान की ओर भेज दिया, लोगो ने घटना को अपने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया वहीं चौरंगी फाड़ी प्रभारी कार्तिक भुई ने बताया था कि टोकन के छपे नामक व्यक्ति की खोज चल रही हैं वही रविवार की रात्रि वही कुल्टी थाना पुलिस ने टोकन नंबर ओर नाम के आधार पर चौरंगी फाड़ी अन्तर्गत चलबलपुर से चीकू उर्फ जयंत अधिकारी को गिरफ्तार कर आसनसोल कोर्ट चालान कर रिमांड की मांग की है. वही दूसरा नंबर झारखंड के एक निवाशी का बताया जा रहा हैं. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार चीकू को रिमांड में ले कर कुछ ओर दलाल को गिरफ्तार हो सकती हैं. सूत्रों की माने आलू पासिंग से जुड़े सभी यूवक चौरंगी अंतर्गत रामपुर एमवीआई जो कि आसनसोल आरटीओ के अंतर्गत हैं उसमें ओभार लोड ओर हाइट पासिंग की दलाली कई वर्षो से करते आ रहे हैं.

# जामुड़िया में डेंगू के खिलाफ निकाली गई जागरूकता रैली

**खास बातें**
- स्वास्थ्य कर्मियों ने किया घर-घर निरीक्षण



**संवाददाता। जामुड़िया**

जामुड़िया विधानसभा अंतर्गत वार्ड संख्या 10 के नींघा मे डेंगू को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर एक जागरूकता रैली निकाली गई. यह रैली नींघा फाडी से शुरू होकर सबएरिया मोड़, दुर्गामंदिर, सब्जीपट्टी होते हुवे स्टॉफ क्लब के सामने जाकर समाप्त हुई. स्टॉफ क्लब के सामने एक सभा का आयोजन किया गया. इस सभा के द्वारान वार्ड पार्षद के प्रतिनिधिमंडल भोला पासवान ने बताया कि बरसात का मौसम चल रहा है जमा हुए पानी से डेंगू का खतरा बढ़ जाता है डेंगू की समस्या को लेकर हमारे महिला स्वास्थ्य कर्मी प्रत्येक घर जा जाकर निरीक्षण कर रहे हैं एवं घर के लोगों को डेंगू से किस तरह से बचा जाए उसकी पूरी जानकारी देते हैं भोला पासवान ने कहा कि कई घरों में देखा गया है कि घरों में निरीक्षण करने के दौरान घर के मालिक स्वास्थ्य महिला कर्मी के साथ सहयोग नहीं करते हैं हम यह बताना चाहते हैं कि घरों के अंदर अगर नाली में पानी जमा है उस जगह पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें हमारे स्वास्थ्य कर्मी लगातार प्रत्येक घरों में जाकर दवा का छिड़काव एवं ब्लीचिंग पाउडर नालियों में डालते हैं, हमारे स्वास्थ्य कर्मी की एक टीम बनी है जिसमें 27 स्वास्थ्य कर्मी लगातार रोजाना कार्य कर रहे हैं हम नींघा के लोगों से यही कहना चाहते हैं कि अगर हमारे स्वास्थ्य कर्मी आपके घरों में निरीक्षण करने जाते हैं तो उनका पूरा सहयोग करें एवं उनको अपने तरीके से काम करने दे क्योंकि बरसात के मौसम में जगह-जगह पानी जमा हो जाता है जिसके कारण डेंगू बीमारी का खतरा बढ़ जाता है इस बीमारी से सचेत रहने के लिए आसपास में गन्दा जमा पानी हो तो स्वास्थ्य कर्मी को तुरंत संपर्क करें इस रैली मे सीआई सुशांत चटर्जी, श्रीपुर फाडी के प्रभारी मेघनाथ मंडल, वार्ड पार्षद उषा पासवान, भोला पासवान, आशा कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी और निर्मल कर्मी, निर्मल मंडल, अभिजीत चैटर्जी, चन्दन यादव मौजूद रहे.

## सावन महीने की चौथी सोमवारी पर त्रिवेणी संगम में

# जल भरने के लिए उमड़ी शिव भक्तों की भीड़



**संवाददाता। बराकर**

सावन महीने की चौथी सोमवारी को डिशरगढ स्थित त्रिवेणी संगम में जल भरने के लिए बड़ी संख्या शिव भक्त पहुंचे. इस संबंध में बताया जाता है कि श्रावण मास के सोमवारी को भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए भारी संख्या में शिव भक्त पहुंचते हैं. इसी क्रम में बेगूनिया स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए रविवार रात को ही शिव भक्त डिसरगढ़ स्थित त्रिवेणी नदी के घाट पर पहुंचे . जहां कुछ देर विश्राम करने के बाद त्रिवेणी संगम में स्नान कर जल लेकर बोल बम का नारा लगाते हुए बराकर के बेगुनिया स्थित सिद्धेश्वर मंदिर तथा अन्य शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए निकल पड़े.

# जर्जर सड़क का निर्माण शुरू

**खास बातें**
- स्वपन बेलथरिया ने फीता काटकर सड़क निर्माण कार्य शुरु कराया



**संवाददाता। पुरुलिया**

पुरुलिया जिला परिषद ने आखिरकार राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा शुरू की गई पथश्री परियोजना के माध्यम से काशीपुर ब्लॉक के शिमला धानेड़ा अंचल के भुइयाडी बस स्टैंड से नदी घाट तक जर्जर सड़क के निर्माण की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा कर दिया है. इस कार्य 50 लाख 65 हजार रुपये के आवंटन से शुरू हुआ. काशीपुर विधानसभा के पूर्व विधायक और पुरुलिया जिला परिषद के पार्टी नेता स्वपन बेलथरिया ने सोमवार को स्थानीय निवासियों की उपस्थिति में फीता काटकर और नारियल फोड़कर सड़क निर्माण की आधिकारिक शुरुआत की. उल्लेखनीय है कि शिमला-धनेरा क्षेत्र के रांगाडी गांव से होकर गुजरने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क लंबे समय से खराब हालत में थी. इस सड़क से हुड़ा ब्लॉक के कालाबानी क्षेत्र सहित आसपास के 20 से अधिक गांवों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है. पूरी तरह से जर्जर हो चुकी यह सड़क आवागमन के अनुपयुक्त हो चुकी थी. इस खराब सड़क से स्थानीय लोगों को खासकर चार पहिया वाहन चलाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था. जब क्षेत्रवासियों ने काशीपुर विधानसभा के पूर्व विधायक स्वपन बेल्थरिया को इस समस्या से अवगत कराया तो राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पथश्री परियोजना के माध्यम से उस खराब सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ.

## आंदोलन : रेशमी कारखाना चालू करने को लेकर लोगों का धरना प्रदर्शन

# स्थानीय युवकों ने की रोजगार की मांग

**संवाददाता। जामुड़िया**



जामुड़िया विधानसभा अंतर्गत ब्लाक दो के हिजलगोड़ा ग्राम में स्थित रेशमी ग्रुप कारखाना तैयार करने के लिए लोगों से जमीन तो ली गई लेकिन इतने सालों बीत जाने के बाबजूद भी यह कारखाना आधा अधुरा पड़ा हुआ है. कारखाना को सम्पूर्ण रूप से बनाकर अभी तक चालू नही किया गया है इसी का विरोध स्थानीय युवक बीते कई सालों से कर रहे हैं, इस कारखाना के चालू होने पर स्थानीय बेरोजगार युवकों को नौकरी मिल सके. कारखाना को जल्द से जल्द चालू करने की मांग पर सोमवार को हिजलगोड़ा ग्राम रक्षा कमिटी की ओर से कारखाना गेट के समक्ष सैकड़ों लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर घंटों धरना प्रदर्शन किया. इस द्वारान हिजलगोड़ा ग्राम रक्षा कमिटी के बैनर तले ग्रामीणों द्वारा कारखाना के बाहर रशमी ग्रुप के सीनियर मैनेजर ( लैंड ) की गाड़ी को घेरकर करीब एक घंटे तक स्थानीय युवकों ने विरोध प्रदर्शन किया, इस दौरान स्थानीय निवासी युवा नेता जुएल काजी ने कहा की आज से 15 वर्ष पहले 2009 में रेशमी कारखाना के द्वारा फैक्ट्री लगाने के लिए हिजलगोड गांव के लोगो का जमीन अधिग्रण किया गया था.वही जमीन अधिग्रहण के दौरान प्रबंधन द्वारा आश्वासन दिया गया था की गांव के लोगों को रोजगार के सुअवसर मिलेगा लेकिन ऐसा कुछ भी नही हुआ.उन्होंने कहा की 6 महीने पहले कारखाना प्रबंधन के साथ हुई वार्ता में कहा गया था की 200 लोगों को कारखाना में काम दिया जायेगा लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन वादाखिलाफी कर रही है.फैक्ट्री प्रबंधन जब तक कोई सकारात्मक जवाब नही देती है तब तक शांतिपूर्ण रूप से आंदोलन जारी रहेगा.रेशमी कारखाना के सीनियर मैनेजर(लैंड) पलाश बनर्जी ने कहा की महज चार पांच परिवार के लोगों के कारण प्रोजेक्ट अटका हुआ है जिनके जमीन का समाधान नहीं हो पा रहा है.

### सामाजिक संस्था ने आदिवासी बच्चों को सहायता प्रदान की

**रानीगंज।** एजुकेशन फॉर ऑल सामाजिक संस्था ने मेजिया ग्राम अंचल में पहुंचकर आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को भोजन सामग्री, वस्त्र और शिक्षण सामग्री प्रदान की. संस्था के संस्थापक वासुदेव गोस्वामी ने कहा कि सावन महीने में भगवान शिव की पूजा अर्चना का महत्व से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन भगवान शिव का एक ही आदर्श है जीव की सेवा ही शिव की पूजा है. उन्होंने कहा कि हम नियमित प्रयास करते हैं कि एक ऐसे गांव में पहुंचकर सेवा करें जहां की वास्तविकता में जरूरत है. सभी को शिक्षा मिले, शिक्षा से कोई वंचित न रहे और शिक्षा का प्रचार-प्रसार हो. रानीगंज मारवाड़ी महिला समिति की ओर से सहयोग मिलने पर उन्होंने आज के इस पावन सोमवारी के व्रत को इसी रूप में चरितार्थ किया.

## पेज तीन का शेष

### अध्यक्ष पद की दौड़ में एक-दो, तीन नहीं....

**डोमिसाइल आंदोलन से चर्चा में आये थे बंधु तिर्की :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए जिन नेताओं के नाम की चर्चा है, उनमें पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, सांसद सुखदेव भगत, प्रदीप बलमुचू, विधायक प्रदीप यादव और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय के नाम शामिल हैं. लेकिन इनमें से चार हाल-फिलहाल के (चार-पांच साल) के दलबदलू हैं, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने भी दल बदल कर ही कांग्रेस का दामन थामा था, लेकिन लंबी अवधि तक कांग्रेस में रह कर पार्टी को सींचा भी है. लेकिन तिर्की का हाल के कुछ चार-पांच सालों से ही कांग्रेस से नाता रहा है. कभी अपनी पार्टी बनाई थी, फिर बाबूलाल मरांडी के साथ झाविमो में शामिल हुए. मांडर से जीते भी. बाद में बाबूलाल मरांडी ने राह बदली, कमल खिलाने गये, झाविमो का अस्तित्व समाप्त हुआ, तो बंधु ने मोर्चा के अपने साथी प्रदीप यादव संग कांग्रेस का दामन थाम लिया. 2003 में बाहरी-भितरी का नारा बुलंद करनेवाले डोमिसाइल आंदोलन के कारण ज्यादा चर्चा में आये बंधु तिर्की को आय से अधिक संपत्ति मामले में सजा हुई, विधायकी भी चली गई. हाल ही में उनकी बिटिया शिल्पी नेहा तिर्की ने भी बाहरी व बिहारी को लेकर कुछ ऐसा बयान दे दिया, जिससे विवाद बढ़ गया. बंधु अध्यक्ष पद पर काबिज होने के लिए रांची से दिल्ली तक एड़ी-चोटी एक किए हैं. बंधु भले ही आदिवासी नेता होने का दंभ भर लें, लेकिन उनके नेतृत्व में गैर आदिवासी कांग्रेस से जुड़ पाएंगे, इसके आसार कम ही हैं.

**कांग्रेस को ठेंगा दिखा टिकट के लिए आजसू में भागे थे बलमुचू :** कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में एक और नेता प्रदीप बलमुचू भी हैं. बलमुचू को कांग्रेस पार्टी ने काफी मान-सम्मान दिया था. घाटशिला से विधायक बने, तो प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद सौंपा गया. लंबी अवधि तक युवा कांग्रेस अध्यक्ष, फिर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे. कांग्रेस में खूब चलती थी, मान-सम्मान भी मिलता था.घाटशिला सीट से मोह था. जब कांग्रेस में चलती थी, खुद राज्यसभा सांसद और प्रदेश अध्यक्ष भी थे. बिटाया को घाटशिला से टिकट दिलाया, तो जनता ने धूल चटा दिया. जब राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त हुआ, तो फिर से घाटशिला सीट से चुनाव लड़ने के लिए लकलकाईल थे. जिस कांग्रेस ने मान-सम्मान दिया,उसने गंठबंधन के कारण बलमुचू को टिकट नहीं दिया, तो उन्होंने कांग्रेस को ठेंगा दिखा कर आजसू का दामन थामा. चुनाव लड़े, चारों खाने चित्त हुए, काफी भटके, फिर धीरू भाई का सहारे चुप्पे से पार्टी में ऊपरे-उफरे घुसिया गये. अब फिर से अध्यक्ष पद के लिए लार टपकाइले हैं.

**भाजपा, झाविमो से होते हुए कांग्रेस में आये प्रदीप यादव :** पोड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव की कभी भाजपा में खूब चलती थी. भाजपा में बाबूलाल की सरकार में मंत्री भी रहे. बाबूलाल ने भाजपा को बाई-बाई किया, तो यादव जी भी उनके साथ हो लिए. झाविमो बना, तो प्रदीप जी पदाधिकारी बने. झाविमो के टिकट पर विधायक भी बने. लेकिन जब बाबूलाल ने झाविमो को समाप्त कर भाजपा का दामन थामा, तो प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गये. प्रदीप यादव कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़े, लेकिन हार गये. उनपर एक गंभीर आरोप भी लगा है. केस भी चल रहा है. अब प्रदीप यादव भी ओबीसी कोटा से अध्यक्ष पद हासिल करने के फिराक में लगे हैं.

**कांग्रेस को छोड़ कर कमल खिलाने गये, लौट कर बु...घर आये :** पिछले विधानसभ चुनाव में कांग्रेस को ठेंगा दिखा कर भाजपा में शामिल सुखदेव भगत भी अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हैं. ब्यूरोक्रेट से राजनीतिज्ञ बने भगत को कांग्रेस ने काफी सुख दिया है. कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने, प्रदेश अध्यक्ष भी रहे. लेकिन रघुवर दास जब मुख्यमंत्री थे, तो भाजपा से प्रभावित हो गए. जिस कांग्रेस ने उन्हें मान-सम्मान दिया था, इज्जत बख्शी थी, उसे लात मार कर ठीक 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल होगये. भाजपा से टिकट हथियाने में कामयाब तो रहे, लेकिन जनता ने उन्हें बेनकाब कर दिया. जिस कांग्रेस को लात मार कर भगत ने भाजपा का सुख लेने की चाहत रखी थी, उस पर लोहरदगा की जनता ने पानी फेर दिया. कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव ने उन्हें पराजित कर दिया. भाजपा में दम घुटने लगा, तो कांग्रेस में शामिल होने के लिए छटपटाए लगे. गोड़परिया कर उपरे सेटिंग कर कांग्रेस में आ गए, कांग्रेस ने फिर उन्हें सुख दिया. टिकट देकर लोहरदगा से सांसद बनवा दिया, लेकिन अब भगत प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी भी चाहते हैं.

**सहाय को पार्टी के नेता-कार्यकर्ता ही असहाय बनाने में लगे हैं :** कांग्रेस में एक दिग्गज नेता सुबोधकांत सहाय के नाम की भी अध्यक्ष पद के लिए चर्चा है. जनता पार्टी से 1977 में राजनीतिक करियर शुरू कर हटिया से विधायक बने. 1989 तक लगातार विधायक रहे. 1989 में जनता दल से चुनाव जीते, केंद्र में मंत्री बने.फिर सजपा, झामुमो का सफर तय करते हुए कांग्रेस में शामिल हुए थे. लंबी अवधि तक कांग्रेस में सेवा की. 14 साल के राजनीतिक वनवास के बाद कांग्रेस के टिकट पर 2004 के लोकसभा चुनाव में रांची से विजयी हुए. जीते तो केंद्र में मंत्री भी बनाये गये. दोबारा 2009 का लोकसभा चुनाव भी जीते, फिर से मंत्री बनाये गये. मंत्री बने तो संगठन को मजबूत बनाने के लिए भी लगे रहे. 2014 और 2019 का चुनाव हार गये. 2024 के चुनाव में बिटिया को टिकट दिलाया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली. अब संगठन के लिए काम करने को तैयार हैं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनना तो चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता ही सहाय को असहाय बनाने में जुटे हुए हैं. सहाय सीनियर लीडर हैं, उनके सामने दूसरे नेताओं की चलेगी नहीं, तो सब मिलजुल कर उन्हें असहाय बनाने में जुटे हैं.

# लक्ष्य से पीछे क्यों ?

सवाल निष्पक्षता का, एजेंसियों के दुरुपयोग का और आरोप को गंभीरता से लेने का वक्त आ गया है. किसी भी लोकतंत्र की कामयाबी के लिए सरकारी एजेंसियों की निष्पक्षता एक अनिवार्य तत्व है. आमतौर पर परिपक्व लोकतांत्रिक देश इस तरह के चेक एंड बैलेंस का सिस्टम बनाते हैं कि सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग नहीं कर पाती. भारत को भी इस दिशा में कदम उठाने की जरूरत है. भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और उसे इस दिशा में उदाहरण बनना चाहिए. भारत में एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लोकतंत्र की सेहत को प्रभावित करता है. सुप्रीम कोर्ट के संदेश को भी समझने की जरूरत है. सुप्रीम कोर्ट मान रहा है कि ईडी बिना क्वालिटी साक्ष्य के मुकदमे दर्ज कर रही है. उसने आरोपों को साबित करने में ईडी की नाकामी पर भी रोशनी डाली है. तो सवाल उठेगा कि आखिर ईडी के अधिकारी ऐसा क्यों कर रहे हैं? सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जो नसीहतें दीं और इस क्रम में जिन तथ्यों को देश के सामने रखा, उससे इस एजेंसी की कार्य प्रणाली बेनकाब हुई है. तीन जजों की बेंच ने छत्तीसगढ़ के एक मामले की सुनवाई के दौरान ईडी से कहा-‘इस मामले में आप कुछ गवाहों के बयान और हलफनामों का बखान कर रहे हैं. ये जुबानी साक्ष्य हैं. ऐसे जुबानी साक्ष्य पर, भगवान जाने, वह व्यक्ति कल टिका भी रहेगा या नहीं. आपको वैज्ञानिक जांच करनी चाहिए. आपको क्वालिटी अभियोजन और साक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए.’इसी सिलसिले में बेंच ने ध्यान खींचा-‘जिन मामलों में आप संतुष्ट हो जाते हैं कि प्रथम दृष्टया मामला बनता है, उनमें भी आपको उन मुकदमों को कोर्ट में साबित करना होता है. पिछले दस साल में आपने जो पांच हजार मामले दर्ज किए हैं, उनमें सिर्फ 40 में अभियुक्तों को सजा हुई है. इसकी कल्पना कीजिए. सवाल है कि क्या ईडी के अधिकारी सचमुच इस पर सोचेंगे? सुप्रीम कोर्ट भी मान रहा है कि ईडी बिना क्वालिटी साक्ष्य के मुकदमे दर्ज कर रही है. उसने आरोपों को साबित करने में ईडी की नाकामी पर भी रोशनी डाली है. तो सवाल उठेगा कि आखिर ईडी के अधिकारी ऐसा क्यों कर रहे हैं? क्या वे अपने विवेक से ऐसे मामले दर्ज करते हैं या, जैसा कि आम इल्जाम है, वे सत्ताधारी राजनीतिक दल के इशारे पर काम कर रहे हैं? सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणियां उसी रोज कीं, जिस दिन सर्वोच्च न्यायालय ने मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक कानून पीएमएलए की वैधता के मामले में अपने निर्णय पर पुनर्विचार की याचिका पर सुनवाई की तारीख तय की. सुनवाई इसी महीने के आखिर से शुरू होगी. एक धारणा यह भी है कि ईडी को इस कानून की एक धारा से मनमानी कार्रवाइयां करने का मौका मिला है, जिसके तहत मुकदमा दर्ज होने पर जमानत मिलना लगभग असंभव हो गया है. खुद सुप्रीम कोर्ट ने इस धारा सहित पूरे कानून को वैध ठहराया था. लेकिन उसके उस निर्णय के दुष्प्रभाव अब जग-जाहिर हो चुके हैं. तो क्या कोर्ट इस बारे में सचमुच गंभीर पुनर्विचार करेगा?

> भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और उसे इस दिशा में उदाहरण बनना चाहिए. भारत में एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लोकतंत्र की सेहत को प्रभावित करता है. सुप्रीम कोर्ट के संदेश को भी समझने की जरूरत है.

## सुभाषित

**नारून्तुदः स्यादार्तोपि न परद्रोहकर्मधीः ।**
**ययास्योद्विजते वाचा नालोक्यां तामुदीरयेत् ॥**

दूसरों से दुःख मिलने पर भी वह शांत रहे, विचार से या कृति से भी वह दूसरों को दुःख न दे, उसके मुख से ऐसी वाणी न निकले, जिससे दूसरे दुःखी हो, सारांश में वह ऐसा कोई काम न करे, जिससे की वह स्वर्ग से वंचित हो.

# जनजातीय समुदाय एवं उनकी संस्कृति

**जंगल ही इनका जीवन है और जंगली वातावरण को ही इन्होंने आत्मसात किये है और मदमस्त जीवन यापन करने का स्वभाव है. जनजातीय समुदायों की जीवनचर्या उनके धार्मिक, सांस्कृतिक, रीति रिवाज, उनकी पूजा-पद्धति सामाजिक मूल्य एवं सामाजिक अनुशासन समस्त कही न कही प्रकृति एवं मौसम के चक्र के साथ जुड़ा हुआ है. जनजातीय समाज प्रकृति के पूजक हैं, प्रकृति ही उनका परिवेश है, प्रकृति में उनका उद्दीपन भी है, प्रकृति ही आलम्बन है.**



• देश-काल




डॉ. कौशलेन्द्र बटोही

भारत की सबसे बड़ी विशेषता उसकी सांस्कृतिक विविधता एवं सास्कृतिक घरोहर है. भारतीय समाज में विभिन्न जनजातियों का पाया जाना हमारी सांस्कृतिक घरोहर है. वर्तमान दौर में आधुनिकता विकास की पर्यायवाची है और आधुनिकता का आधार उपभोगवाद है, परन्तु मानव समाज एवं देश के विकास में आदिम जनजातीय एवं उनकी सांस्कृतिक, सामाजिक, परिस्थितियों एवं उनके विकास पर केंद्रित होना समाज की आवश्यकता है. आजादी के पहले एवं आजादी के बाद भारतीय संविधान में भी जनजातीय समुदायों के लिए विशिष्ट स्थान है. अनुच्छेद 340 के तहत भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त कालेलकर आयोग, 1953 ने अनुसूचित जनजातियों को परिभाषित किया है. उनके अनुसार ‘वे एक अलग अनन्य अस्तित्व रखते हैं और लोगों की मुख्य धारा में पूरी तरह से आत्मसात् नहीं किए गए हैं. वे किसी भी धर्म के हो सकते हैं.’हालांकि संविधान का अनुच्छेद 366(25) अनुसूचित जनजातियों को परिभाषित करने के लिए प्रक्रिया निर्धारित करता है. भारत में अगर हम भौगोलिक रूप से देखें तो अनुसूचित जनजाति की अधिकांश आबादी पूर्वी, मध्य और पश्चिमी पट्टी में संकेंद्रित है, जो नौ राज्यों– झारखंड, मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, आंध्रप्रदेश और पश्चिम बंगाल तक विस्तृत है.

उत्तरपूर्वी क्षेत्र में लगभग 12 प्रतिशत, दक्षिणी क्षेत्र में लगभग 5 प्रतिशत और उत्तरी राज्यों में लगभग तीन प्रतिशत जनजातीय आबादी निवास करती है. अगर इनके आबदी के बहुतायत बसावट पर ध्यान देंगे तो ये राज्य भारत में सबसे ज्यादा हरियाली के क्षेत्रों, जंगलों एवं प्राकृतिक संसाधनों का प्रतिनिधित्व करते हैं. इससे एक तो प्रमुखता से निष्कर्ष पर आ सकते हैं कि जनजातीय समाज प्राकृतिक को आत्मसात किये रहती है और जंगलों में निवास करती है. जंगल ही इनका जीवन है और जंगली वातावरण को ही आत्मसाथ किये है और मदमस्त जीवन यापन करने का स्वभाव है. जनजातीय समुदायों की जीवनचर्या उनके धार्मिक, सांस्कृतिक, रीति रिवाज, उनकी पूजा-पद्धति सामाजिक मूल्य एवं सामाजिक अनुशासन समस्त कही न कही प्रकृति एवं मौसम के चक्र के साथ जुड़ा हुआ है. जनजातीय समाज प्रकृति के पूजक है, प्रकृति ही उनका परिवेश है, प्रकृति में उनका उद्दीपन भी है, प्रकृति ही आलम्बन है. तो क्या हम वर्तमान दौर के बाजारवाद, भौतिकतावादी जीवन पद्धति, वैश्वीकरण के दौर में ग्लोबल वार्मिंग के बचाव के लिए आदिवासी जीवन पद्धति को आत्मसात करते हुए विकास की परिभाषा गढ़ सकते है. यह विकास की एक जन आवधारणा की उत्पत्ति करेगा जो कि प्रकृति के साथ सहचर रहेगा एवं मानव के विकास के साथ प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन भी करेगा. अगर हम इनके पूजा पद्धति पर गौर करते हैं तो पाते हैं कि पूजा प्रत्येक जनजाति अपने अपने परम्परागत विधिविधान के साथ करते हैं और मुख्यत मातृदेवी और पितर देवता के पूजन के साथ-साथ साल वृक्ष, करम वृक्ष, पीपल वृक्ष एवं पहाड की भी पूजा करते है. आदिवासी समुदाय के मन की कल्पना भी बिना प्रकृति के नहीं की जा सकती है एवं समस्त सोच वृक्ष, लता कुंज, पशु-पक्षी, दिन- नक्षत्र, चांद तारे और सूर्य के सान्निध्य में है. आदिवासी समुदायों के नामकरण एवं गोत्र के पीछे भी पूर्णत प्रकृति की कल्पना ही है. जनजातीय समुदायों के जनजीवन का आधार उनकी परंपराएं हैं. समाज, संस्कृति, अनुशासन, मानवीय रूप सबका नियमन का आधार भी प्रकृति है. उसी के छत्र-छाया में व्यक्ति का विकास एवं समाज पुष्पित पल्लवित होते हैं. उनके पर्व त्योवहार भी पूर्णतः प्रकृति एवं मौसम पर आधारित होते हैं. करमा और सरहुल जो कि झारखंड के आदिवासियों के बीच का प्रमुख त्योहार है. करमा पर्व भादो के शुक्लपक्ष के एकादशी को मनाया जाता है और इस पर्व का मूल उद्देश्य अच्छी फसल और अच्छा स्वास्थ्य है. इसमें समस्त समाज पेड़ के पास बैठकर अपने इष्टदेव की पूजा करता है और पूजा पद्धति भी पूर्णतः प्रकृति आधारित होता है. ऐसे ही एक महत्वपूर्ण पर्व है सरहुल और यह वसंतोत्सव के रूप में मनाया जाता है और लोग सामूहिक रूप से सरना पेड के पास पूजा करते हैं. ऐसे ही सोहराई भी जनजातियों में मनाए जाने वाले त्योहार हैं, जो कि लक्ष्मी पूजा की तरह होता है. जनजातीय समुदायों के समस्त त्योहार सामूहिकता का प्रतिबिंब हैं. उनके समस्त मनोरंजन के प्रकार, नृत्य-संगीत, कला जैसे प्रकृति के प्रेरित है. वैसे ही यह सब एकल नहीं होकर सामूहिक रूप से किया जाता है. भारत सरकार ने 1965 में लोक समिति के सिफारिशों के अनुसार जनजातियों को परिभाषित करने का मानदंड बनाया जो कि पांच मानदंड है- आदिम लक्षण, विशिष्ट संस्कृति, भौगोलिक अलगाव, बडे पैमाने पर समुदाय के साथ संपर्क में संकोच और पिछड़ापन. जनजातीय समुदाय और स्वाभाविक रूप से दूसरे समुदायों के संपर्क में आने से संकोच करते हैं और सामूहिकता उनकी पहचान है, ये दोनों ही विस्थापन के बाद संभव नहीं होता है और उनके विलुप्तता में मददगार हो जाता है. जनजातीय समुदायों में भी एक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह को भारत सरकार ने वर्गीकृत किया है. जनजातीय समुदायों के विकास के लिए हमें उनके समाज के मूल चरित्र एवं उनके मूल स्थान को समाहित करते हुए उनके सांस्कृतिक प्रतीकों एवं परंपराओं को अक्षुण्ण रखते हुए विकास की योजनाओं को विकसित किया जाए. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## आत्मा का शुद्ध स्वभाव

धन, सम्पत्ति, सुख-सुविधा और कीर्ति प्राप्त करने के बाद भी जीवन में असंतोष की प्यास शेष रह जाती है. कारण कि जीवन में शान्ति नहीं सधती और आत्म का हित शान्ति में स्थित है. आत्मिक दृष्टि से सदाचरण ही शान्ति का एक मात्र उपाय है. धर्माचरण अपने शुद्ध रूप में सदाचरण ही है. धर्म की परिभाषा है ‘वत्थुसहावो धम्मो ’ अर्थात् वस्तु का 'स्वभाव' ही धर्म है. स्वभाव शब्द में भी बल ‘स्व’ पर है ‘स्व’ के भाव को स्वभाव कहते हैं. यदि हमारा स्वभाव ही धर्म है तो प्रश्न उठता है, हमारा स्वभाव क्या है? हम निश दिन झूठ बोलते हैं, कपट करते हैं, येन केन प्रकारेण धन कमाने में ही लगे रहते हैं अथवा आपस में लड़ते रहते हैं, क्या यह हमारा स्वभाव है? हम क्रोध करते हैं, लोभ करते हैं, हिंसा करते हैं, क्या यह हमारा स्वभाव है? वास्तव में यह हमारा स्वभाव नहीं है. क्योंकि प्रायः हम सच बोलते हैं. मात्र लोभ या भयवश झूठ बोलते हैं. यदि हम दिन भर क्रोध करें तो जिंदा नहीं रह सकते. थोडी देर बाद जब क्रोध शान्त हो जाता है, तब हम कहते हैं कि हम सामान्य हो गए. अतः हमारी सामान्य दशा क्रोध नहीं, शान्त रहना है. क्रोध विभाव दशा है और शान्त रहना स्वभाव दशा है. अशान्ति पैदा करने वाले सभी आवेग-आवेश हमारी विभाव दशा है. शान्तचित सदाचार में रत रहना ही हमारा स्वभाव है. और अपने 'स्वभाव' में रहना ही हमारा धर्म है. धर्म की यह भी परिभाषा है ₹यतस्य धार्यती सः धर्मेण ₹ धारण करने योग्य धर्म है. यह भी स्वभाव अपेक्षा से ही है. सदाचार रूप शुद्ध 'स्वभाव' को धारण करना ही धर्म है. इसिलिए यह निर्देश है कि स्वभाव में स्थिर रहो. यही तो धर्म है. और हमारा शाश्वत स्वभाव, सदाचरण ही है. क्योंकि जीवन के लिए लक्षित शान्ति ही है. धर्म की सारी परिभाषाएं उसी एक 'स्वभाव' का सापेक्ष कथन होती है. कोई भी वस्तु अनन्त धर्मात्मक (गुणात्मक) होती है प्रत्येक कथन किसी एक गुण को प्रधान करते हुए कहा जाता है, तब दूसरे सभी गुण गौण रहते हैं. अतः प्रधान गुण की अपेक्षा से कथन होता है, बस एक गुण को प्रधान बताते हुए अन्य गुणों का निषेध नहीं किया जाय तो नययुक्त सत्य कथन होता है. अतः सारी परिभाषाएं विरोधाभासी नहीं बल्कि विशेष गुण की अपेक्षा से होती है. हर कथन सापेक्षता के सिद्धांत से सत्य कथन है, कोई भी नवीन अथवा विरोधाभासी परिभाषा नहीं है.

# राजनीतिक ताप को कम करने का समय

• सियासत

जगदीश रत्तनानी

चुनाव खत्म हो चुके हैं और मोदी 3.0 के नाम से अल्पमत सरकार सत्ता में आ गई है. विपक्ष ने केंद्रीय बजट पेश होते ही नई ऊर्जा का संचार कर दिया है जिसमें कांग्रेस के घोषणापत्र से कुछ विचार लिए गए हैं, जैसे लाखों लोगों के सामने रोजगार के ज्वलंत संकट को दूर करने के लिए अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम. लोकतांत्रिक राजनीति में यह एक अच्छा संकेत है. अच्छे विचार हर जगह से आ सकते हैं. सरकार कांग्रेस को श्रेय दे सकती है और बदले में पार्टी से कुछ सद्भावना अर्जित कर सकती है. यह नरेंद्र मोदी की सरकार के लिए नई लोकसभा की नई वास्तविकता को पहचानने और उसका सम्मान करने का समय है और यह समझने का भी कि राजनीति में दीर्घकालिक सफलता और शासन के जटिल मुद्दों के लिए देने और लेने के दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है. इसके लिए पहली शर्त यह है कि कुछ वास्तविक काम करने के लिए राजनीतिक तापमान को कम किया जाए, लेकिन इसकी बजाय सरकार ने राजनीतिक तापमान को और अधिक बढ़ाने में योगदान दिया है. सभी संकेत यही हैं कि चुनावी मौसम की कड़वाहट खत्म नहीं होने वाली है. आपातकाल के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए 25 जून को वार्षिक ‘संविधान हत्या दिवस’ घोषित करना, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शिवसेना के उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार पर नवीनतम राजनीतिक हमला और प्रसिद्ध कारोबारी मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में प्रधानमंत्री का व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना, वह भी उस वक्त जब बढ़ती संपत्ति और आय की असमानता को स्पष्ट रूप से ध्यान में लाया गया है, ये सभी संकेत देते हैं कि मोदी सरकार के लिए यह मजबूरी ‘हमेशा की तरह’ है और इस हद तक यह देश तथा उसके लोगों का मजाक उड़ाता है, जिन्होंने स्पष्ट रूप से मौजूदा सरकार को तीसरे कार्यकाल के लिए साफ जनादेश नहीं दिया है. अब मानो भाजपा व सरकार का विचार है कि चुनाव एक दुःस्वप्न सा था. ऐसा लगता है जैसे वह चुनाव परिणामों के दौरान सो गई थी और अब एक नई दुनिया में एक पुराने यथार्थ को जीना चाहती है.वास्तव में सरकार को अपने पिछले कार्यकाल में भारी बहुमत के बावजूद और समझौते करना चाहिए थे. इसके विपरीत घमंड आया और यह अहंकार ही है जो बड़े पैमाने पर राजनीतिक हार का कारण बना. कोई सबक नहीं सीखा गया. वास्तव में वे सीखे भी नहीं जा सकते क्योंकि सीखने की क्षमता उसकई मायनों में यह कहानी भाजपा के आंतरिक खालीपन को दर्शाती है, जो लोकसभा में अपने प्रदर्शन के लिए जवाबदेही तय नहीं कर पाई है और खुद के लिए चिंतन या कठिन सवाल उठाने में असमर्थ हो गई है. प्रधानमंत्री की पार्टी पर जो पकड़ है, वह एक स्तर पर उनके लिए व्यक्तिगत रूप से एक राजनीतिक सफलता है, क्योंकि कौन नेता ऐसी पार्टी को पसंद नहीं करेगा जो नेता से कोई सवाल नहीं पूछती? कुछ आंतरिक आवाजें उभर रही हैं- एक महत्वपूर्ण समूह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काम-काज पर सवाल उठाए हैं और उस राज्य में चुनावी हार के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुकूल नहीं लगने वाली टिप्पणियां की हैं परन्तु यह सभी आंतरिक बेचैनी के अप्रत्यक्ष संकेत हैं. पार्टी में सीधे सवाल और स्पष्ट विश्लेषण गायब हैं. कांग्रेस पर परिवार द्वारा संचालित पार्टी होने के सभी आरोपों के बावजूद भाजपा ने केवल उसी रास्ते पर चलना जारी रखा है जिसकी वह निंदा करना चाहती है और कुछ ही समय में वह मोदी-शाह की सोच की अनिश्चितताओं का शिकार बन गई है. यह पकड़ हमें पार्टी और उसके ताने-बाने के बारे में बहुत कुछ बताती है जितना कि कोई इतिहास का दृष्टांत नहीं बता सकता. यह देखना मुश्किल नहीं है कि दोनों लगातार ध्यान भटका कर ही टिके हुए हैं. इससे अनिवार्य रूप से हमें बोगी-हंटिंग का अंतहीन खेल देखने को मिला है. नीति आयोग की बैठक के साधारण मुद्दे पर विपक्ष के साथ कितनी दूरियां और कड़वाहट है, इसका ताजा उदाहरण देखें- यह 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक थी, और पिछले हफ्ते ही मोदी की अध्यक्षता में हुई थी. आयोग की गवर्निंग काउंसिल राज्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और रणनीतियों का साझा दृष्टिकोण विकसित करने का काम करने वाली प्रमुख संस्था है. यह एक ऐसा स्थान है जहां सरकार को कड़ी मेहनत करनी चाहिए थी ताकि सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को सम्मानपूर्वक समायोजित किया जा सके.केंद्रीय बजट द्वारा पैदा की गई दरारें चिंताजनक हैं. एक तरफ बिहार के नीतीश कुमार जैसे सहयोगी ने नीति आयोग की बैठक में भाग नहीं लिया. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> भाजपा का विचार है कि चुनाव एक दुःस्वप्न सा था. ऐसा लगता है जैसे वह चुनाव परिणामों के दौरान सो गई थी और अब एक नई दुनिया में एक पुराने यथार्थ को जीना चाहती है.वास्तव में सरकार को अपने पिछले कार्यकाल में भारी बहुमत के बावजूद और समझौते करना चाहिए थे. इसके विपरीत घमंड आया और यह अहंकार ही है जो बड़े पैमाने पर राजनीतिक हार का कारण बना.

# पर्यावरण कब बनेगा नीति निर्माण का हिस्सा

• पर्यावरण

ओ.पी. जोशी

बाढ़-नियंत्रण एवं सिंचाई हेतु आबंटित 11.500 करोड़ रूपये भी कम ही लगते हैं, क्योंकि बाढ़ से हानि काफी अधिक होती है. शहर एवं बाहरी क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण हेतु हरियाली विशेषकर पेड़ बचाना जरूरी है, परंतु पेड़ शहर एवं जंगल दोनों जगह कम हो रहे हैं. शहरों में विकास के नाम पर तो जंगलों में विद्युत, रेल, सडक, बांध एवं खनन कार्य की परियोजनाओं के नाम पर काटे जा रहे हैं.केन्द्रीय वितमंत्री निर्मला सीतारमण में देश का 2024-25 का 48.21 लाख करोड़ रूपयों का बजट पेश किया था. बजट के जो नौ आधार कृषि, कौशल-विकास, मानव-संसाधन विकास, मेन्युफेक्चरिंग सेवाएं, इंफ्रास्ट्रचर, शहरी-विकास, नवाचार शोध व विकास, ऊर्जा-सुरक्षा एवं आर्थिक सुधार बताये गये, उनमें पर्यावरण की समस्याएं एवं सुधार कहीं नजर नहीं आया. ‘केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय’ को दिया गया 3330.37 करोड़ रूपयों का आबंटन देश के बिगड़े पर्यावरण के हालातों के मद्देनजर काफी कम है.30 लाख से ज्यादा आबादी वाले 14 शहरों को विकास हेतु 11.11 लाख करोड़ रुपए आबंटित किये गए हैं. ये शहर पर्यावरण को महत्व देकर वायु एवं जल प्रदूषण, नियंत्रण, जलस्त्रोतों के संरक्षण, हरियाली विस्तार एवं वर्षा-जल पुनर्भरण पर ध्यान दें तो आदर्श शहर बन सकते हैं. जलस्त्रोत एवं नदियों के विकास के तहत गंगा सफाई हेतु 30033.83 करोड़ रूपये आबंटित किये गए हैं. बजट में पैसे देने से गंगा साफ नहीं होगी, अपितु इसके प्रदूषण के मूलभूत कारणों को जानकर उन्हें समाप्त करने के प्रयास ईमानदारी से करने एवं करवाने होंगे. अभी हाल ही में ‘उत्तरप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल’ की रिपोर्ट देखकर ‘राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण’ (एनजीटी) की प्रधान खंडपीठ ने कहा है कि प्रयागराज में ही गंगा का पानी पीने एवं आचमन के योग्य नहीं है.’केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल’ के अनुसार अध्ययन की गई 521 नदियों में से 351 प्रदूषित पाई गई. इन नदियों के प्रदूषण-स्तर की गणना कर उस हिसाब से बजट में पैसा दिया जाना था. एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के संदर्भ में सिंचाई के लिए जल एवं भूमि की उर्वरता पर ध्यान देना होगा. प्राकृतिक खेती में यदि प्रदूषित पानी से सिंचाई की गई तो फिर वह कितनी प्राकृतिक रहेगी? ‘राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी संस्थान (नीरी),’ नागपुर ने दो वर्ष पूर्व अध्ययन कर बताया था कि देश की लगभग 30 प्रतिशत भूमि में उत्पादकता समाप्त हो गई है.बाढ़-नियंत्रण एवं सिंचाई हेतु आबंटित 11.500 करोड़ रूपये भी कम ही लगते हैं, क्योंकि बाढ़ से हानि काफी अधिक होती है. शहर एवं बाहरी क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण हेतु हरियाली विशेषकर पेड़ बचाना जरूरी है, परंतु पेड़ शहर एवं जंगल दोनों जगह कम हो रहे हैं. शहरों में विकास के नाम पर तो जंगलों में विद्युत, रेल, सडक, बांध एवं खनन कार्य की परियोजनाओं के नाम पर काटे जा रहे हैं. मध्यप्रदेश में रतलाम-खंडवा ब्राडगेज रेललाइन तथा उत्तरप्रदेश में कावड़ियों के एक मार्ग हेतु क्रमशः 80 हजार एवं 30 हजार पेड़ काटना प्रस्तावित है.कुछ अन्य कारणों से शहरों एवं जंगलों में पेड़ों की कमी से गर्मी एवं लू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है जिसे वर्ष 2024 में अभी तक महसूस भी किया गया. सिक्किम में लू के दिनों की संख्या दहाई में हो गई है एवं उत्तराखंड की कई नदियां जून में ही उफन गई हैं. हिमालय के पहाड़ी राज्यों में वनों की आग की रोकथाम तथा समावेशी विकास हेतु ज्यादा राशि दी जाना थी.उत्तराखंड में ही नवम्बर 23 से जून 24 तक लगभग 950 आगजनी की घटनाएं हुईं जिससे 4000 हेक्टर के सारे पेड़ जल गए. पर्यटन बढ़ाने के चक्कर में राज्य पहाड़ों की सारी पारिस्थितिक व्यवस्था बिगाड़ चुके हैं जिससे कई स्थानों की हालत जोशीमठ के समान हो गई है. उत्तरप्रदेश सरकार को भी ज्यादा राशि दी जानी थी, क्योंकि वहां की 99.4 प्रतिशत आबादी प्रदूषित हवा में सांस ले रही है. पर्यावरण सुधार के कई कार्य राज्य सरकारों एवं स्थानीय निकायों को करना होता है, परंतु उनकी आर्थिक स्थिति खराब होने से वे भी सही ढंग से नहीं कर पाते हैं. प्रदूषण नियंत्रण का कार्य ‘केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल’ के साथ राज्य के क्षेत्रीय कार्यालय भी करते हैं. अप्रेल 2024 में ‘एनजीटी’ को दी गई रिपोर्ट में बताया गया कि प्रदूषण नियंत्रण निकायों में 50 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं. पर्यावरण-प्रदूषण से जुड़े कई अन्य विभागों में भी कई पद खाली हैं. कम बजट एवं खाली पदों की स्थिति में पर्यावरण सुधार एवं प्रदूषण नियंत्रण कैसे संभव होगा? **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> अभी हाल ही में ‘उत्तरप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल’ की रिपोर्ट देखकर ‘राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण’ (एनजीटी) की प्रधान खंडपीठ ने कहा है कि प्रयागराज में ही गंगा का पानी पीने एवं आचमन के योग्य नहीं है. ‘केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल’ के अनुसार अध्ययन की गई 521 नदियों में से 351 प्रदूषित पाई गई.

## मीडिया में अन्यत्र

# बांग्लादेश में अराजकता का राज

**गुरुवार को** पेरिस से ढाका पहुंचने के बाद, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख और नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस की जनता से पहली अपील “देश को अराजकता और हिंसा से बचाने” की थी. माइक्रोफाइनेंस के अग्रदूत, अस्सी साल से ऊपर के यूनुस देश की जिम्मेदारी उसके सबसे उथल-पुथल भरे दौर में संभाल रहे हैं. बड़े पैमाने पर हिंसक प्रदर्शनों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग की नेता शेख हसीना के इस्तीफा देने और देश छोड़ने के कई दिन बाद भी, 17 करोड़ लोगों के राष्ट्र में घबराहट है क्योंकि हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही. कानून लागू कराने वाले अधिकारी लापता हैं और सरकार की गैरमौजूदगी में नौकरशाही निष्क्रिय हो गयी है. चरमपंथी तबकों ने इस अराजकता का इस्तेमाल हिंदुओं, मुसलमानों के एक अल्पसंख्यक पंथ अहमदिया, और अवामी लीग के पदाधिकारियों को निशाना बनाने के लिए किया है. बांग्लादेश हिंदू, बौद्ध, ईसाई ऐक्य परिषद के मुताबिक, कई जिलों में अल्पसंख्यकों के मकान और दुकानें लूटी गयी हैं. अवामी लीग के दफ्तरों को तहस-नहस किया गया और पार्टी के दर्जनों पदाधिकारियों और समर्थकों को मार डाला गया. गुरुवार को शपथ लेने वाले यूनुस ने हिंसा की निंदा की और शांति की अपील की. बैंकर से प्रशासक बने यूनुस की सबसे बड़ी चुनौती देश को बर्बादी के कगार से वापस लाने और कानून का राज स्थापित करने की होगी. छात्र प्रदर्शनकारियों और राजनीतिक विपक्ष के लिए स्वीकार्य व्यक्ति, यूनुस को नियुक्त करके, सेना और बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने भविष्य में सुलह-सफाई का संकेत दिया है. एक ऐसे समय में जब राजनीतिक दलों के बीच बहुत ज्यादा दुश्मनी है, एक ‘टेक्नोक्रेट’ की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार का गठन पहला व्यावहारिक कदम है. लेकिन यूनुस के पास उनका समर्थन करने के लिए राजनीतिक मशीनरी नहीं है और इसके लिए उन्हें मुख्यधारा के दलों और वैषम्य-विरोधी छात्र आंदोलन पर निर्भर रहना पड़ेगा. उन्हें मध्यम-अवधि की तीन बेहद अहम चुनौतियों का भी सामना करना होगा. पहली, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि सेना बैरकों में ही रहे. सेना का एक बदनाम अतीत है और 1990 में तानाशाही के खात्मे के लिए शेख हसीना और बीएनपी नेता खालिदा जिया को वर्षों तक जन आंदोलन चलाना पड़ा. दूसरी, यूनुस को बांग्लादेश की राजनीति में कम-से-कम एक अस्थायी शांति लानी होगी. शेख हसीना के पतन ने जमात और बीएनपी को सशक्त बनाया है. बहुसंख्यकवादी इस्लामी समूह जमात का एक खूनी अतीत है, जबकि बीएनपी के सत्ता में रहने के वर्षों को राजनीतिक हिंसा और बदले के लिए जाना जाता है. अंतिम यह कि यूनुस के प्रशासन को जल्द से जल्द स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का मार्ग प्रशस्त करना होगा. **(दैनिक हिंदू)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### वक्फ/बोर्ड

**मशहूर** शायर जिगर मुराबादी ने कहा है-वक्फ है सय्याद की इक इक नजर मेरे लिए, हां, मुबारक ये शिकस्त-ए-बाल-ओ पर मेरे लिए. इस शेर की याद इसलिए आयी है कि इन दिनों वक्फ शब्द बहुत अधिक चर्चे में है. कारण केंद्र सरकार ने वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन करने का मूड में बना लिया है. वक्फ बोर्ड में दो शब्दों का समागम है-पहला वक्फ और दूसरा बोर्ड. वक्फ अरबी भाषा मूल का संज्ञा पुल्लिंग है तो बोर्ड अंग्रेजी भाषा मूल का. सामान्यतः दोनों शब्दों के बीच में कोई सीधा संबंध तो नहीं है, लेकिन इन दोनों शब्दों के समागम से जो शब्द बनता है वह एक पवित्र और कल्याणकारी संस्था का नाम है-वक्फ बोर्ड. शब्दकोशों के अनुसार वक्फ का मतलब खास तौर पर है धर्मार्थ अर्पित वस्तु या संपत्ति, लोक कल्याण के उद्देश्य से दिया गया धन या वस्तु. एक शब्द में वक्फ का मतलब दान है. इस्लाम धर्म के प्रावधान के अनुसार क़ानूनी प्रक्रिया जिसके माध्यम से एक व्यक्ति किसी चीज़ को हमेशा के लिए सदका अर्थात दान कर देता है. अवामी जायदाद, ख़ास ख़ज़ाना, वह जायदाद, रुपया-पैसा जो वारिसों की अनुपस्थिति के कारण बिना वसीयत मरने वाले की जायदाद से वसूल हो और सरकारी ख़ज़ाने में सुरक्षित कर लिया जाए. वक्फ शब्द के और भी कई मायने हैं. जैसे खड़ा होना, ठहरना, अंतराल, ठहराव, सुकून, तल्लीन, किसी काम में व्यस्त, विशेष क़रार. बोर्ड शब्द के भी कई मतलब हैं. वक्फ बोर्ड के साथ वाले बोर्ड का मतलब है तो संस्था है. यानी व्यक्तियों का एक आधिकारिक समूह जो किसी गतिविधि का निर्देशन या पर्यवेक्षण करता है. बोर्ड हम लकड़ी का उस टुकड़े को भी कहते हैं, जो पतला काटा गया हो तथा मोटाई की तुलना में काफी लम्बाई और चौड़ाई वाला हो, किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए लकड़ी या अन्य सामग्री का एक सपाट स्लैब. बुलेटिन बोर्ड, सर्फ़बोर्ड, सर्किट बोर्ड, प्लगबोर्ड, सर्किट बोर्ड स्विचबोर्ड आदि से तो हर कोई परिचित है.

# बाजियों में बाजी का नाम पैंतरेबाजी

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



अपने अपने क्षेत्रों की कितनी कितनी ओर कैसी कैसी तो बाजियां हैं. ताश-बाजी, शतरंज-बाज़ी, पतंग-बाज़ी, मुक्के-बाजी, तलवार-बाज़ी, पत्थर-बाज़ी, जुएं बाज़ी, सट्टेबाजी, नशे बाज़ी, इश्क-बाज़ी, यार-बाज़ी, गप्प-बाजी, जुमले-बाज़ी, बयान-बाज़ी, बहाने-बाज़ी, चाल-बाज़ी, दगा-बाज़ी, धोखे-बाज़ी. बाज़ी करतब और तमाशा है; बाज़ी शर्त है और शौक है; बाज़ी दांव-पेंच है; खेल है. खेल खेल में तो लोग हारी बाज़ी जीतने के लिए जान की बाजी तक लगा देते हैं, पर बदकिस्मती देखिए, कभी जीती बाज़ी हार भी जाते हैं. वक्त वक्त की बात है. महाराष्ट्र में बाजी नाम के कई लोग मिल जावेंगे. बाजीराव तो एक जाना-माना नाम है ही. लेकिन ज़रूरी नहीं बाजी नाम का हर आदमी बाजीगर भी हो. नाम में क्या रखा है! हिन्दी सिनेमा में बाजी नाम से एकाधिक फ़िल्में भी तो बनी हैं. सफल रहीं हैं. गाने भी मशहूर हुए हैं. कृपया जल्दबाज़ी न करें. बस मैं अपने विषय, ‘पैंतरे-बाजी’ पर आ ही रहा हूं. राजनैतिक गलियारों में इन दिनों पैंतरे-बाजी सुर्ख़ियों में है. यों पैतरे-बाज़ी सुर्ख़ियों में तो हमेशा से ही रही है. अखाड़ों में कुश्तियां जीतने के लिए तरह तरह के पैंतरे सिखाए जाते हैं, और जीत के लिए पैंतरे बदलने पड़ते हैं. जूडो-कराटे आदि, में भी कई किस्म के पैंतरे इस्तेमाल किए जाते हैं. जहां भी पक्ष और प्रतिपक्ष आमने सामने होता है, जीत के लिए पैंतरेबाजी के बिना काम नहीं चल सकता. पैंतरा हर क्षेत्र में काम आने वाला एक रुख है, अंदाज़ है; कौशल और तरकीब है. हम जो भी पैंतरा अख्तियार करते हैं, कभी सार्थक हो जाता है तो कभी चूक भी जाता है. हमारे नेता लोग तो पैंतरे बदलने में माहिर हैं. चुनाव के वक्त तो उनकी पैंतरेबाजी देखते ही बनती है. वे झूठ को सच और सच को झूठ करके दिखा देते हैं. सरकारें तक कहती कुछ हैं और पैंतरा बदल कर करती कुछ और ही हैं. राजनैतिक परिदृश्य में पैंतरेबाजी के सर्वश्रेष्ठ नमूने हमें संसद में देखने को मिलते हैं. इधर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दिलचस्प पैंतरेबाजी देखी जा सकती है. पाकिस्तान और चीन तो पैंतरेबाजी में उस्ताद हैं. वे जो भी कहते है बस वही नहीं करते.पाक बात सुलह की करता है और पैतरे आतंकवादी अपनाता है. आतंकवाद को ख़त्म करने का ऐलान करके वह प्रश्रय आतंकवाद को देता है. कश्मीर में शान्ति चाहता है और वहां के नौजवानों को पत्थरबाजी करने के लिए उकसाता है. पत्थरबाज़ी तो कश्मीर का राष्ट्रीय खेल ही होते होते बच गयी. अमेरिका का हमेशा से ही पाकिस्तान के प्रति एक दोस्ताना रवैया रहा है. लेकिन उसने भी आतंकियों के प्रति पाकिस्तान के सहयोगी रवैये से नाराज़ होकर अब अपना पैंतरा बदल दिया है. ट्रंप प्रशासन ने पाक को दी जाने वाली अधिकतर सुरक्षा मदद और सैन्य उपकरणों की आपूर्ति रोक दी है. देखना दिलचस्प होगा कि दोनों तरफ की यह पैंतरे- बाजी क्या रंग लाती है? राजनीति का खेल भी एक अजब खेल है. पैंतरेबाजी के बिना यहां काम नहीं चलता. यहां कोई स्थाई मित्र या स्थाई दुश्मन नहीं होता. पैंतरा बदलते ही आज का दोस्त दुश्मन बन जाता है और दुश्मन दोस्त हो जाता है.

